हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, सोमवार, 3 फरवरी 2025 अंक 112/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअस्नेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# आज बसंत पंचमी पर अमृत स्नान

## प्रशासन भी इस बार ज्यादा मुस्तैद, मेला क्षेत्र में नो व्हीकल जोन

**प्रयागराज.**

महाकुंभ में बसंत पंचमी के मौके पर भारी भीड़ होने की संभावना जताई गई है। ऐसे में बसंत पंचमी के मौके पर अखाड़ों के स्नान का टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है। इस टाइम टेबल में बताया गया है कि कौन सा अखाड़ा कितने बजे स्नान करेगा और कितने बजे वापस आ जाएगा। महाकुंभ में अमृत स्नान को लेकर एक्शन में प्रशासन महाकुंभ का मेला श्रद्धालुओं को लगातार अपनी ओर खींच रहा है. आज 3 फरवरी को तीसरा अमृत स्नान है. उसके लिए आज से ही श्रद्धालु संगम नगरी की ओर चल पड़े हैं. प्रशासन भी इस बार ज्यादा मुस्तैदी से तैनात है. तमाम एहतियात बरते जा रहे हैं ताकि किसी तरह की लापरवाही ना हो.

बसंत पंचमी के तीसरे अमृत स्नान को लेकर अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है. इसी को देखते हुए और श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक में भी फेरबदल कर दिया गया है. संगम की तरफ जाने वाले हर मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है. रविवार रात 10:00 बजे के बाद से किसी भी तरह के वाहन मेला क्षेत्र की तरफ नहीं जाएंगे. पुलिस व प्रशासन की गाड़ियों के आने-जाने के लिए अलग से मार्ग निर्धारित किए गए हैं. वहीं, श्रद्धालुओं के लिए ज्यादा से ज्यादा मार्गों पर आने-जाने की व्यवस्था की गई.

पांटून पुल को भी लोगों के आने-जाने के लिए क्रमवार खोला गया है. सभी पीपा पुल खोल दिए. महाकुंभ में भगदड़ के बाद प्रशासन ने सबक सीख लिया है और सभी पीपा पुल खोल दिए हैं. बताया जा रहा है कि सारे पीपा पुल खुले रहेंगे, जब जरूरत होगी तभी सिर्फ बंद किया जाएगा. फिलहाल पीपा पुल में श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है. तीसरा अमृत स्नान महाकुंभ का आज 21वां दिन है. 13 जनवरी से अब तक 33 करोड़ 61 लाख से ज्यादा लोगों ने अब तक महाकुंभ में स्नान किया. आज 3 फरवरी को बसंत पंचमी के मौके पर होने वाला तीसरा अमृत स्नान सुबह 5 बजे से शुरू होगा. मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ से सबक लेते हुए सरकार ने पुख्ता तैयारियां की हैं.



### रजाई-गद्दा लेकर पहुंचने लगे श्रद्धालु

महाकुंभ में आज 3 फरवरी को बसंत पंचमी के स्नान से पहले लोगों का पहुंचना शुरू हो गया है.जिसके चलते श्रद्धालुओं की भीड़ भी हो रही है. ऐसे में संगम नोज पर स्नान के लिए लोग रुक भी रहे हैं. हालांकि, मौनी अमावस्या की तरह कोई अनहोनी न हो, इसलिए पुलिस लगातार सायरन बजाकर लोगों को हटाने का काम कर रही है. क्योंकि लोग घाट किनारे रुकने के लिए रजाई-गद्दा लेकर भी पहुंच रहे हैं. मौनी अमावस्या में होल्डिंग एरिया में लोगों का रुकना और सोना भी भगदड़ का एक कारण बना था. यही वजह है कि प्रशासन की तरफ से यहां पर पहले से स्थिति का जायजा लिया जा रहा है. बंसत पंचमी पर किसी तरह की अनहोनी न हो, इसके लिए महाकुंभमेला क्षेत्र में चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है.

### श्रद्धालुओं के संगम में रुकने की रहेगी मनाही

भीड़ इकट्ठा नहीं होने देने का फार्मूला वसंत पंचमी स्नान में सख्ती से लागू होगा. ऐसे में श्रद्धालुओं को स्नान के पहले या उसके बाद कहीं पर भी संगम क्षेत्र में रुकने नहीं दिया जाएगा. प्रशासन की तरफ से ऐसा इसलिए किया जा रहा है, ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके. आपको बता दें कि मौनी अमावस्या के दिन संगम नोज पर अधिकतर श्रद्धालु रुके हुए थे. जब भीड़ बढ़ी तो बैरिकेड्स टूट गए और वो कुचल गए थे. वैभव कृष्ण, डीआईजी महाकुंभ मेला ने मौनी अमावस्या भगदड़ से मिली सीख के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों को बढ़ाया गया है. बसंत पंचमी पर अमृत स्नान समाप्त होने तक सभी अधिकारी और जवान अभी से अपनी जगह पर मौजूद रहेंगे. संगम और झुंसी में ऐसी घटना न हो, इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं.

# भारत ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता

**कुआलालंपुर.** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमों के बीच अंडर-19 टी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेला गया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। भारतीय टीम की कमान निकी प्रसाद ने संभाली। दक्षिण अफ्रीका की पारी 82 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 11.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2023 में हुई थी और पहले ही संस्करण में भारतीय टीम ने जीत हासिल की थी। तब टीम इंडिया की कप्तान शेफाली वर्मा रही थीं। अब दो साल बाद टूर्नामेंट के दूसरे




संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई थी। जवाब में टीम इंडिया ने 11.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की सीनियर और जूनियर महिला टीमों को मिलाकर 2023 के बाद यह दूसरी बार है.

पेज 7 भी देखें

# वोटिंग से पहले बिखरने लगे झाड़ू के तिनके

**नई दिल्ली.**



दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आरके पुरम में चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर दिल्ली की मौजूदा सरकार को कठघरे में खड़ा किया। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी की सरकार को आपदा कह कर कई बड़े हमले किए। साथ ही उन्होंने शनिवार को संसद में पेश हुए यूनियन बजट की दिल्ली की जनता को इसकी खूबियां भी गिनाईं। पीएम मोदी ने कहा कि बसंत पंचमी से मौसम बदलने की शुरुआत हो जाती है। तीन दिन बाद दिल्ली में वोटिंग हैं। दिल्ली में इस बार भाजपा सरकार बनने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली की जनता एक बार बीजेपी को मौका जरूर दे। जनता की सेवा के लिए वह पूरी तरह खुद से खपा देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। ये नेता जान चुके हैं कि जनता आपदा से कितनी नफरत करती है। इन सब को देखते हुए आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि वह झूठी घोषणाएं कर रही है। भाजपा सरकार मिडिल क्लास का करती है सम्मान, पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार देश के पैसा का सही इस्तेमाल करती है। जनता के पैसे को सड़क, रेल और इंडस्ट्री को डेवलप करने में लगाती है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में मिडिल क्लास का बहुत बड़ा योगदान है। ये भाजपा सरकार ही है जो मिडिल क्लास को बहुत सम्मान देती है।

### भारत सरकार के इतिहास का सबसे फ्रेंडली बजट

पीएम मोदी ने कहा कि शनिवार को पेश हुआ बजट, भारत सरकार के इतिहास का सबसे फ्रेंडली बजट है। ये बजट ऐसा है कि हिंदुस्तान का हर परिवार खुशी से झूम उठा है। आयकर में छूट मिलने से मध्यमवर्ग के लोगों के हजारों रूपये बचेंगे।

# अमेरिका ने भारत को बताया था टैरिफ किंग

## भारत के बजट से अमेरिका को होगा फायदा

**वाशिंगटन.**




भारत में 1 फरवरी को पेश हुए आम बजट से अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार को भी कुछ राहत मिल सकती है। इस बजट में कुछ उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी को कम किया गया है, जिससे अमेरिका के एक्सपोर्ट को फायदा पहुंचेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने रविवार को कहा कि मोटरसाइकिल और स्वाद बढ़ाने वाले कृत्रिम तत्व जैसे प्रोडक्ट्स पर बजट में कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। इससे अमेरिकी निर्यात को लाभ होगा। जीटीआरआई ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत की'टैरिफ किंग'के रूप में आलोचना करने के बाद देश के बजट ने कई उत्पादों पर महत्वपूर्ण शुल्क कटौती की गई है। इनमें से कई प्रोडक्ट्स अमेरिकी एक्सपोर्ट को फायदा पहुंचाने वाले हैं।

जीटीआरआई ने बयान में कहा,''टेक्नोलॉजी, व्हीकल, इंडस्ट्रीयल रॉ मटेरियल और स्क्रैप के आयात पर शुल्क कटौती के साथ भारत व्यापार को सुविधाजनक बनाने की दिशा में कदम उठाता दिख रहा है। जबकि वैश्विक व्यापार वातावरण तनावपूर्ण बना हुआ है।' क्या बदलेगा अमेरिका का नजरिया? हालांकि, जीटीआरआई ने इस बात को लेकर आशंका जताई है कि यह कटौती भारत के ट्रेड के बारे में अमेरिकी प्रशासन का नजरिया बदलने में कामयाब होगी या नहीं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा,''वित्त वर्ष 2023-24 में भारत को अमेरिकी मोटरसाइकिल एक्सपोर्ट 30 लाख डॉलर रहा और शुल्क कटौती से अमेरिकी मैन्यूफैक्चरर्स के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने में मदद मिल सकती है।''

### यह है पॉलिसी में बदलाव का संकेत

श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रंप लंबे समय से भारत के सीमा शुल्क ढांचे की आलोचना करते रहे हैं, लेकिन यह नवीनतम कटौती नीति में बदलाव का संकेत देती है जो कई क्षेत्रों में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा दे सकती है।''अप्रैल-नवंबर, 2024-25 के दौरान अमेरिका 82.52 अरब डॉलर व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। इसके पहले 2021-24 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

## पृथ्वीराज मोहोल 67वें महाराष्ट्र केसरी




**अहिल्यानगर.** अहिल्यानगर में महाराष्ट्र केसरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में पृथ्वीराज मोहोल ने गादी वर्ग में जीत हासिल की है. पृथ्वीराज मोहोल 67वें महाराष्ट्र केसरी बन गए हैं। पृथ्वीराज मोहोल और महेंद्र गायकवाड़ के बीच मैच अच्छा खेला गया। साथ ही, पहले बहुत भ्रम था। असमंजस के बाद अंतिम लड़ाई शुरू की गई। इस बार पृथ्वीराज मोहोल पहले राउंड से ही आगे चल रहे थे. महेंद्र गायकवाड़ ने मैदान छोड़ दिया और पृथ्वीराज मोहोल को विजेता घोषित किया गया।

# कर्नाटक अब नक्सलमुक्त हो गया

**चिकमंगलुरु, कर्नाटक.**

देश का दक्षिणी राज्य कर्नाटक अब नक्सलमुक्त हो गया है। चिकमगलुरु जिले में एक और नक्सली ने सरेंडर कर दिया है। इस कदम कोकर्नाटक के नक्सलमुक्त राज्य बनने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। है। चिकमगलुरु के पुलिस अधीक्षक विक्रम अमाठे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''इस नक्सली के सरेंडर के साथ ही कर्नाटक अब नक्सलमुक्त राज्य बन गया है।''

एसपी के सामने किया सरेंडर, कोटेहोंडा रवींद्र (44) श्रृंगेरी तालुक में किग्गा के पास हुलगारू बैल के कोटेहोंडा का निवासी है और जंगल में रह रहा था। शुक्रवार को वह श्रृंगेरी से आया और पुलिस अधीक्षक अमाठे के सामने सरेंडर किया। रवींद्र को उपायुक्त मीणा नागराज के पास ले जाया गया जहां सरेंडर की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की गयी। अमाठे ने कहा, '' रवींद्र 14 मार्च, 2024 को लागू हुई नई सरेंडर नीति के तहत 'ए' श्रेणी का नक्सली था। सरेंडर पैकेज के तहत सरकार देगी इतने रुपये, सरेंडर पैकेज के तहत उसे सरकार से साढ़े सात लाख रुपये मिलेंगे। उसकी इच्छा हो तो उसे कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा और उसे 5000 रुपये का मासिक पैकेज भी दिया जाएगा।'' पुलिस के मुताबिक रवींद्र के विरुद्ध कुल 27 मामले दर्ज हैं जिनमें 13 मामले चिकमगलुरु में दर्ज हैं।



### छत्तीसगढ़ को भी नक्सलमुक्त करने की कोशिश

बता दें कि केंद्र सरकार नक्सलियों के खात्मे के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। इसी कड़ी में नक्सल से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ को भी नक्सलमुक्त कराने की कोशिश की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कई बार कह चुके हैं कि मार्च, 2026 तक छत्तीसगढ़ नक्सलवाद मुक्त होगा। दिसंबर 2024 में भी उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी उपलब्धि हासिल की है और केंद्र व राज्य सरकार 31 मार्च, 2026 से पहले इसे खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# भीषण सड़क हादसा, 7 लोगों की मौत



**डांग.**

गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से 7 लोगों की मौत हो गई और 15 गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 15 मिनट पर हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के निकट चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया. उन्होंने बताया कि 48 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस अवरोधक को तोड़कर लगभग 35 फुट गहरी खाई में गिर गई. अधिकारी ने बताया कि पांच लोगों- दो महिलाओं और तीन पुरुषों- की मौके पर ही मौत हो गई. अधिकारी ने बताया, '' 7 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई और 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अहवा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कुछ अन्य को मामूली चोटें आई हैं. बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है.'' उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से 48 तीर्थयात्रियों को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी. अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्री मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों के थे.

# दिल्ली के दंगल से पहले कांग्रेस ने सियासी मैदान में उतारा 'ईगल'



**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन की ओर से कराए जाने वाले चुनावों की निगरानी करने के लिए एक कमेटी बनाई है. कांग्रेस पार्टी ने रविवार को ईगल कमेटी का ऐलान किया. कांग्रेस ने ईगल कमेटी को तत्काल प्रभाव से सियासी मैदान में उतार दिया है. ईगल कमेटी सबसे पहले महाराष्ट्र वोटर लिस्ट मामले की जांच करेगी और इसकी पूरी रिपोर्ट कांग्रेस नेतृत्व को सौंपेगी. इसके अलावा कांग्रेस की 'ईगल' कमेटी अन्य राज्यों में हुए चुनाव का भी विश्लेषण करेगी. इसके साथ ही राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों पर भी नजर बनाए रखेगी. ईगल टीम का मुख्य काम स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने पर जोर देना का होगा. कांग्रेस की इस खास कमेटी में चुनिंदा लोगों को जगह दी गई है. इस टीम में शामिल नेताओं में पहला नाम दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ और कद्दावर नेता अजय माकन का है. दूसरा नाम मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का है. तीसरे नंबर पर डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी हैं. उसके बाद क्रमशः प्रवीन चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, डॉ. नितिन राउत और चल्ला वामशी चंद रेड्डी का नाम शामिल है. लोकसभा चुनाव 2024 से लेकर राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों तक में कांग्रेस ने गड़बड़ी के आरोप लगाए थे.

# रेल्वे 3 लाख करोड़ का रेवेन्यू टारगेट अचीव करेगी: अश्विनी

**नई दिल्ली.**



## 100 नई अमृत भारत, 50 नमो भारत और 200 नई वंदे भारत ट्रेन बनेंगी

देश में आज जारी हुए बजट पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, 'ये बजट मजदूरों, किसानों के लिए ड्रीम बजट है। ये पॉलिटिकल बजट नहीं है।' इस दौरान उन्होंने रेलवे को लेकर बताया कि 100 नई अमृत भारत, 50 नमो भारत और 200 नई वंदे भारत ट्रेन बनेंगी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 10 सालों से रोजगार एक बहुत बड़ा फोकस है। इसका रिजल्ट भी बहुत अच्छा है। अगर आप ईपीएफओ का रजिस्ट्रेशन देखें तो पाएंगे कि आज करीब हर महीने 10 से 12 लाख का फॉर्मल रोजगार का सृजन हो रहा है। इसके अलावा बहुत से इनफॉर्मल और स्वरोजगार के कई साधन आए हैं। ऐसी कई स्कीमें हैं, जिसमें स्वरोजगार के जरिए रोजगार का सृजन हुआ है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में रोजगार डबल होगा और मैन्युफैक्चरिंग भी डबल होगी।



100 नई अमृत भारत गाड़ियां बनेंगी, 50 नमो भारत ट्रेन बनेंगी, 200 नई वंदे भारत ट्रेन बनेंगी। 1000 नए फ्लाईओवर और अंडरपास बनेंगे। इस बार रेलवे बड़ी उपलब्धि हासिल करेगी और वो 1.6 बिलियन टन कार्गो ले जाना होगा। अगले साल तक 3 लाख करोड़ का रेवेन्यू टारगेट अचीव करेगी।

बजट से इन सभी चीजों को बूस्ट मिलेगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमारी इकोनॉमी 324 लाख करोड़ की है, जिसमें 30 फीसदी इनवेस्टमेंट है। यानी करीब 90 लाख करोड़ का है, सरकार का इनवेस्टमेंट 15 लाख करोड़ का है। बाकी का सारा प्राइवेट का ही है। इसके लिए आज बजट में कई रिफॉर्म हुए हैं। इन रिफॉर्म से एक ऐसा वातावरण क्रिएट होगा, जिससे रोजगार और इनवेस्टमेंट बढ़ेगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आप किसी भी एक्सपर्ट से बात कर लीजिए तो आपको ध्यान में आएगा कि ये बजट सबको ध्यान में रखते हुए और सबका समावेश करते हुए बना है। विपक्ष के पास कुछ करने और कहने के लिए नहीं है तो वह आलोचना कर रहा है। पीएम मोदी का स्पष्ट कहना है कि सबका साथ और सबका विकास।

# 8 नक्सलियों पर था कुल 16 लाख रुपये का इनाम

## सुरक्षा बलों ने बीजापुर एनकाउंटर में किया ढेर

**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए आठ नक्सलियों पर कुल 16 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी। गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोडका गांव के पास जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान प्रतिबंधित माओवादी संगठन के आठ सदस्यों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। मुठभेड़ में राज्य पुलिस की इकाई जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान भी घायल हुए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक कमलेश नीलकंठ (24) माओवादियों के पश्चिम बस्तर संभाग के गंगालूर क्षेत्र समिति का सदस्य था और उस पर पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि गंगालूर एलओएस (स्थानीय संगठन दस्ता) के ताती कमलू और मंगल ताती नामक दो अन्य नक्सलियों पर तीन-तीन लाख रुपये का इनाम था।

CMYK

# सुरक्षित भुगतान प्रणाली बनाने की तैयारी

## सेबी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली.**




भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये प्रतिभूति बाजार में सुरक्षित और बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई प्रणाली लाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक सेबी ने वैध वित्तीय मध्यस्थों को धोखेबाजों से बचाने के लिए यह कदम उठाया। प्रस्तावित प्रणाली के तहत, सेबी ने पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए एक विशेष यूपीआई पता बनाने का सुझाव दिया है, जिससे निवेशकों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान हो जाएगा कि वे केवल पंजीकृत इकाइयों को ही भुगतान कर रहे हैं। प्रस्ताव में पूंजी बाजार लेनदेन के लिए यूपीआई भुगतान सीमा पांच लाख रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गई है, जो मौजूदा दो लाख रुपये की सीमा से अधिक है।

### समय-समय पर मूल्यांकन किया जाएगा

❑ भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के परामर्श से इसका समय-समय पर मूल्यांकन किया जाएगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने शुक्रवार को प्रस्तावों पर एक परामर्श पत्र जारी किया और 21 फरवरी तक उनपर सार्वजनिक टिप्पणियां मांगीं हैं।

# सहकार क्षेत्र के प्रशिक्षण शिविर का समापन



**पुणे.** बँको ब्लू रिबन और गॅलेक्सी इम्मा (पुणे) द्वारा ॲम्बी व्हॅली सिटी लोणावळा में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिबिर और पतसंस्था सन्मान समारोह में सहकार क्षेत्र में अग्रणी नागपूर जिले की सेवा साई सहकारी पतसंस्था को सम्मानित किया गया। वर्ष 2024-25 के आर्थिक वर्ष में नागपूर विभाग से 20 से 25 करोड़ रुपये की जमा राशि वाली श्रेणी में इस संस्थान को पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार मा. चंद्रकांत दळवी, माजी सहकार आयुक्त महाराष्ट्र शासन और बँको ब्लू रिबन व गॅलेक्सी इम्मा के संचालक मा. अशोक नाईक सर, और मा. अविनाश शिंत्रे सर के हाथों साई सहकारी पतसंस्था के अध्यक्ष मंगेश सातपुते, संचालक डॉ. शिवराज देशमुख, सुरेश कोहाड, पंचराम पराते, तज्ञ संचालक राजेंद्र झाडे और प्रकाश कांबले ने प्राप्त किया। इस सम्मान के साथ ही पतसंस्था ने अपनी उत्कृष्ट कार्य प्रणाली और सहकार क्षेत्र में किए गए योगदान को भी रेखांकित किया।

# साक्षी गुप्ता ने दी केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया

**नागपुर.**



मध्यम वर्ग की ओर से मांग में कमी की चिंताओं को संबोधित करते हुए, बजट में व्यक्तिगत आयकर स्लैब को तर्कसंगत बनाया गया है, साथ ही स्रोत पर कर कटौती की सीमा में संशोधन किया गया है।

इससे मध्यम वर्ग द्वारा उपभोक्ता मांग और बचत को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिसने उच्च मुद्रास्फीति और कम आय वृद्धि से चुनौतियों का सामना किया है। आम आदमी के लिए रियायतों से परे, बजट "लाईट टच" नियामक दृष्टिकोण के माध्यम से व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है।

अगले पांच साल की राजकोषीय रणनीति कृषि, एमएसएमई, निर्यात को बढ़ावा देने और भारत की क्षमता निर्माण में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में तैयार की गई है। वित्त मंत्री की राजकोषीय रणनीति खपत को बढ़ावा देने की ओर झुकी हुई है, जबकि पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 2024-25 की बजट योजनाओं से मोटे तौर पर अपरिवर्तित रखा गया है।

बजट द्वारा प्रदान किया गया 'काउंटर साइक्लिकल पुश' राजकोषीय समेकन की अपनी व्यापक रणनीति के भीतर है, जो 2025-26 में 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे को लक्षित करता है। आयकर में बदलाव के कारण राजस्व में कमी के बावजूद, 2025-26 में व्यय पक्ष पर दबाव के माध्यम से राजकोषीय समेकन प्राप्त किया गया है। आज की बजट घोषणा 2025-26 में जीडीपी वृद्धि के 6.6 प्रतिशत की हमारी उम्मीद को पुख्ता करती है। बॉन्ड मार्केट के लिए कोई बड़ा आश्चर्य नहीं है क्योंकि बाजार उधारी मोटे तौर पर उम्मीदों के अनुरूप है। आगामी दरों में कटौती और आरबीआई द्वारा खुले बाजार में खरीद के साथ बॉन्ड यील्ड में गिरावट की उम्मीद है।

# शालिनीताई मेघे वार्षिक स्वास्थ्य जांच पैनल में शामिल

**नई दिल्ली.**



दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज से संलग्नित, नागपुर के वानाडोगरी में स्थित शालिनीताई मेघे अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (एसएमएचआरसी) 1020 बिस्तरों वाला मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल हैं जिसनें मध्य भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपने लिए एक विशिष्ट स्थान अर्जित किया है। किफायती दाम पर उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए मशहूर यह अस्पताल, क्षेत्र की आबादी की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी सुविधाओं का विस्तार एवं संवर्धन कर रहा है।

कम लागत पर व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराने की इसकी प्रतिबद्धता, वंचित और जरूरतमंद लोगों की सेवा के प्रति अस्पताल के समर्पण को दर्शाती है। हाल ही में, शालिनीताई मेघे अस्पताल और अनुसंधान केंद्र को आईएएस/आईपीएस/आईएफएस अधिकारियों की अनिवार्य वार्षिक स्वास्थ्य जांच के लिए मान्यताप्राप्त नागपुर के पांच अस्पतालों में से एक के रूप में अगले तीन वर्षों के लिए सूचीबद्ध होने का सम्मान मिला। यह मान्यता इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल नागपुर के सबसे बड़े अस्पताल के रूप में एसएमएचआरसी की स्थिति को और मजबूत करती है। एसएमएचआरसी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वसंत गावंडे ने अस्पताल के माध्यम से उच्चतम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा अबाधित रखने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

इसिके साथ संपूर्ण प्रकिया में निरंतर प्रोत्साहन देने वाले डीएमआईएचईआर (डीयू) के प्रधान सलाहकार सागर मेघे और कुलपति डॉ. भूषण वाघमारे को भी उन्होंने विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे पूरी टीम का मनोबल काफी बढ़ा है। डॉ. नूरुल अमीन के सहयोग से सुनील सुरे ने अथक परिश्रम कर इस मान्यता प्रक्रिया को आगे बढ़ाया और इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. नरेश गिल, डॉ. कामरान शेख, डॉ. अमित देशपांडे, डॉ. सीमा सिंह, अमित दास, अहमिन्द्र जैन और संकेत सुरकर अपनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप डिविजन की समर्पित टीम के साथ मिलकर अस्पताल में आने वाले लोगों की संख्या को कम करने और स्वस्थ आबादी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रिवेंटिव मेडिसिन को बढ़ावा दे रहे हैं।

# कम खर्च में सर्वश्रेष्ठ एंटरटेनमेंट का लाभ



**मुंबई.** आज के दौर में सभी ओटीटी प्लेटफार्म पर अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ़ उठाना चाहते हैं मोबाइल हो, लैपटॉप या टेबलेट स्क्रीन या टीवी, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स ने हमारे द्वारा कंटेंट का इस्तेमाल करने का तरीका पूरी तरह से बदल डाला है। हम कई प्लेटफॉर्म्स पर सर्फिंग करते हैं और इनमें से अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ़ उठाते हैं। हालांकि कई स्ट्रीमिंग ऐप्स के सब्सिक्रप्शन के लिए हमें बहुत पैसे भी खर्च करने पड़ते हैं। आपको एक ही सब्सक्रिप्शन के साथ 17 ओटीटी प्लेफॉर्म्स का आनंद उठाने का स्मार्ट तरीका मिल जाए तो, निश्चित रूप से यह आपके लिए लुभावना ऑफर होगा।वी मुवीज़ एण्ड टीवी ने इसे संभव कर दिया है, यह न सिर्फ सुविधा देता है बल्कि आपके पैसों की बचत भी करता है। वी मुवीज़ एण्ड टीवी आपको ओटीटी प्लेटफॉर्म का एक्सेस देता है; साथ ही यह मोबाइल स्ट्रीमिंग के लिए एक्स्ट्रा डेटा भी देता है।

यादि आप डेटा की चिंता किए बिना अपने पसंदीदा शोज़ और मुवीज़ देख सकते हैं। वी चार विभिन्न प्रीपेड प्लान्स पर 10 जीबी तक एक्स्ट्रा डेटा भी देता है। वी मुवीज़ एण्ड टीवी के साथ आप एक ही प्लेटफॉर्म पर अपनी स्ट्रीमिंग की सभी ज़रूरतों को पूरा कर सकते हैं। आप 16 साल के हैं या 60, मुवी प्रशंसक हैं, या मल्टी-शोज़ देखना पसंद करते हैं, खेलों के शौकीन हैं या ड्रामा के, सभी चीज़ों एक ही ऐप पर उपलब्ध हैं। उद्योग जगत रिपोर्ट्स के अनुसार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय भाषा के कंटेंट की ओर उपभोक्ताओं का रूझान बढ़ रहा है।

हाल ही में फिक्की-ईवाय की रिपोर्ट क अनुसार, 2023 में तकरीबन 4000 घण्टे का कंटेंट ओटीटी के लिए प्रोड्यूस हुआ, इसमें से 3000 घण्टे का कंटेंट ओरिजिनल कंटेंट था। इस ओरिजिनल कंटेंट में से 51 फीसदी रीजनल था। उम्मीद है कि अगले 3-4 सालों में इसमें 55 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। पीडब्ल्यूसी एंटरटेनमेन्ट एण्ड मीडिया आउटलुक के अध्ययन के अनुसार भारत में टियर 2 और टियर 3 शहरों में ओटीटी व्यूअरशिप तेज़ी से बढ़ रही है, जो नए व्यूअरशिप में 60 फीसदी योगदान देती है।

# क्या वाकई में खत्म हो जाएगी ओल्ड टैक्स रिजीम ?

## सरकार ने बजट में दिए संकेत

**नई दिल्ली.**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में जब न्यू टैक्स रिजीम वालों के लिए जब 12 लाख रुपए तक की इनकम को टैक्स फ्री करने का ऐलान किया, तो न्यू टैक्स रिजीम वाले टैक्सपेयर्स की मौज हो गई. दूसरी तरफ सरकार ने ओल्ड टैक्स रिजीम पर कुछ नहीं बोला. तो लोगों को लगा कि सरकार ने ओल्ड टैक्स रिजीम को एकदम दरकिनार कर दिया. लेकिन यह पूरा सच नहीं हैं, सरकार ने ओल्ड टैक्स रिजीम को बनाए रखने के संकेत दिए हैं. दरअसल, बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना में किए जाने वाले निवेश पर टैक्स डिडक्शन क्लेम का फायदा देने की बात कही है. अब जो लोग एनपीएस वात्सल्य योजना में निवेश करेंगे. वह इनकम टैक्स कानून की धारा-80 के तहत टैक्स छूट का फायदा उठा सकते हैं. इससे साफ होता है कि सरकार की मंशा फिलहाल अभी ओल्ड टैक्स रिजीम को खत्म करने की नहीं है. हालांकि, उसका मकसद न्यू टैक्स रिजीम को बढ़ावा देना है.

# लड़खड़ाती उपभोक्ता मांग को बढ़ाने पर जोर



**नई दिल्ली.**

एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने बताया कि लड़खड़ाती उपभोक्ता मांग पर इस बार सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। इससे निम्न और मध्य वर्ग की ओर से उपभोक्ता मांग और बचत को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिसे बढ़ी हुई खाद्य महंगाई और मजदूरी में धीमी वृद्धि से चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। बजट आम आदमी के लिए रियायतें देने से कहीं आगे है। भारत की दीर्घकालिक विकास आकांक्षा को पुनर्जीवित करने के लिए रोजगार सृजन और कौशल वृद्धि महत्वपूर्ण जरूरत रही है। एमएसएमई को बढ़ावा देकर रोजगार पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। दिहाड़ी श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा, जूते, खिलौने, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन जैसे श्रम केंद्रित क्षेत्रों को बढ़ावा देने से रोजगार बढ़ेगा। हर वर्ष कार्यबल में शामिल होने वाले 70-80 लाख लोगों को खपाने में इसका कितना लाभ होगा यह देखना बाकी है और यह कार्यान्वयन पर निर्भर करता है। बजट का असर एक-दो तिमाही में दिखेगा। खासतौर पर बुनियादी ढांचे पर सरकार के खर्च से सीमेंट की मांग में इजाफा होगा। निजी निवेश भी आएगा। स्ट्रक्चरल बदलाव से शेयर बाजारों को समर्थन मिलेगा। बजट के बाद आरबीआई पर बाजार की नजर रहेगी। ब्याज दरों में कटौती होती है तो बाजार में मूवमेंट देखने को मिलेगा।बहुत सकारात्मक, संतुलित और व्यावहारिक बजट है। करदाताओं के हाथ में अधिक पैसे आने से उपभोग, बचत और निवेश सभी कुछ बढ़ेगा, जिसका असर जल्द ही अर्थव्यवस्था में ग्रोथ के रूप में देखने को मिलेगा।

# बजट 2025 से पर्यटन को पंख, 50 स्थलों का होगा विकास

## आमदनी के लिए होम स्टे को बढ़ावा

**नई दिल्ली.**



देश के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए देश के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा और बौद्ध धर्म से जुड़े स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा लोन की सुविधा का विस्तार किया जाएगा। इस आम पर्यटकों को पर्यटन स्थलों में स्थित घरों पर रहने और महंगे होटलों का अच्छा विकल्प उपलब्ध होगा। पर्यटन को रोजगार-आधारित विकास का प्रमुख चालक बनाने के लिए ये फैसला लिया गया। इन स्थलों पर आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए जमीन राज्य सरकारें उपलब्ध कराएंगी। इन पर्यटन स्थलों पर स्थित होटलों को हार्मोनाइज्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर मास्टर लिस्ट (एचएमएल) में शामिल किया जाएगा, जिससे उन्हें वित्तीय सहायता और विकास संबंधी सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और यात्रा अनुभव को और बेहतर व सुलभ बनाया जा सकेगा। पर्यटन स्थलों के प्रबंधन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों को प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन दिया जाएगा। बुद्ध सर्किट विकसित होने से उत्तर प्रदेश के सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, बिहार के बोध गया, राजगीर, वैशाली, एमपी के सांची, महाराष्ट्र के अमरावती, तेलंगाना के नागार्जुनकोंडा जैसे शहर आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में तब्दील होंगे। पर्यटन आधारित रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। जापान, वियतनाम, थाईलैंड, श्रीलंका, इंडोनेशिया, मलेशिया, लाओस, सिंगापुर आदि बौद्ध धर्म मानने वाले देशों से लाखों की संख्या में लोग हर साल भारत आकर बौद्ध स्थलों के दर्शन करते हैं।

# अब पेट्रोल, मोबाइल, टैक्सी के नाम पर नहीं बचा सकेंगे टैक्स

**नई दिल्ली.**



अगर आप 12 लाख की सैलरी टैक्स फ्री होने से खुश हैं तो इस खबर से आपको झटका लग सकता है. दरअसल, सरकार सैलरीड क्लास के लिए टैक्स में एक और बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है जिसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ने वाला है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025 के बजट में सैलरी संबंधित अधिनियम, पर्क्स और सैलरी के बदले बेनिफिट्स की परिभाषा को बदलने का प्रस्ताव रखा है. आसान भाषा में कहें तो आपकी सैलरी से पार्ट-बी वाला हिस्सा अब खत्म होने वाला है. हालांकि, इसको लेकर अभी कोई घोषणा नहीं है अनुमान है कि अगले हफ्ते संसद में पेश होने वाले इनकम टैक्स बिल में इसका जिक्र हो सकता है. अभी तक आपकी सैलरी में 50 हजार रुपये तक के पर्क्स टैक्सेबल इनकम में शामिल नहीं होते हैं. इसमें कंपनी द्वारा दिए जाने वाले लैपटॉप, सोडेक्सो, फ्री घर, कार, रियायती नाश्ता, फूड, मेडिकल सुविधा, क्लब की मेंबरशिप, ट्रैवल अलाउंस जैसे बेनिफिट्स टैक्सेबल इनकम में नहीं शामिल होते हैं. इसके अलावा मोबाइल बिल, प्रोविडेंट फंड, एंटरटेनमेंट और फ्री मेडिकल सुविधाएं, टैक्सी बिल या जिम बिल भी टैक्स फ्री बेनिफिट्स में शामिल हैं. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन्ही बेनिफिट्स में बदलाव करने का प्रस्ताव रखा है. अगर सरकार सैलरी से बेनिफिट्स खत्म कर देती है तो आप मोबाइल बिल, जिम बिल, पेट्रोल जैसे चीजों पर टैक्स नहीं बचा पाएंगे और ये आपकी सैलरी का हिस्सा बन जाएंगे. ऐसे में आपकी टोटल टैक्सेबल इनकम भी बढ़ जाएगी.

## जिस ऐप पर 2020 में लगा था बैन

**नई दिल्ली.** साल 2020 में भारत और चीन के बीच गलवान घाटी की घटना को लेकर तनाव काफी बढ़ गया था. इस घटना में देश के करीब 20 जवान शहीद हो गए थे. उस समय भारत ने चीन की 50 से ज्यादा ऐप्स को बैन कर दिया था. इसमें टिक टॉक समेत एक फैशन ऐप शैन भी शामिल थी. अब यही फैशन ऐप करीब 5 साल के बाद इंडिया वापस आ गई है. इसे देश में रीलॉन्च करने वाली कंपनी मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल है. रिलायंस इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी रिलायंस रिटेल ने 5 साल पहले लाइसेंसिंग डील के तहत से की एक डेडिकेटेड ऐप लॉन्च की थी. रॉयटर्स की खबर के मुताबिक शनिवार को ये ऐप बिना किसी शोर-शराबे या ऑफिशियल अनाउंसमेंट के भारत में री-लॉन्च हो गई है. भारत में फास्ट फैशन तेजी से पॉपुलर हो रहा है. इस सेगमेंट में टाटा ग्रुप के ब्रांड जुडिओ ने जहां तेजी से सक्सेस दर्ज की है. वहीं फ्लिपकार्ट की म्यंत्रा ऐप इस सेगमेंट में सबसे बड़ा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है. जबकि स्निच जैसे नए स्टार्टअप भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं.




# क्रिप्टो करेंसी की कीमत में हाल में तेजी आई है

**नई दिल्ली.** क्रिप्टो करेंसी की कीमत में हाल के दिनों में काफी तेजी आई है। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से क्रिप्टो करेंसी की कीमत में काफी तेजी आई है और इनका मार्केट कैप 3.62 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। पिछले एक साल में यह दोगुना से भी अधिक बढ़ गया है। क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट कैप दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट से आगे निकल गया है। माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 3.085 ट्रिलियन डॉलर है। मार्केट कैप के मामले में अब केवल ऐपल ही क्रिप्टोकरेंसी से आगे रह गई है। आईफोन बनाने वाली इस कंपनी का मार्केट कैप 3.548 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। जनवरी 2015 में क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट कैप $0.004 ट्रिलियन था जो अगले साल जनवरी 2016 में $0.007 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। जनवरी 2017 में यह $0.017 ट्रिलियन था और जनवरी 2018 में 0.7 ट्रिलियन पहुंचा। जनवरी 2019 में क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट कैप 0.12 ट्रिलियन और जनवरी 2020 में $0.25 ट्रिलियन पहुंच गया।

# बजट से रियल एस्टेट सेक्टर को होगा फायदा



**नई दिल्ली.**


बजट 2025 में निर्मला सीतारमण ने कई ऐलान किए. जिसमें कुछ अहम ऐलान रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी थे. दो प्रॉपर्टीज रखने वालों को टैक्स में बड़ी राहत दी गई है. वहीं दूसरी ओर अर्बन चैलेंड फंड के लिए एक लाख करोड़ रुपए के बजट का ऐलान हुआ है. वहीं दूसरी ओर 15 हजार करोड़ रुपए का फंड 2 भी है. जोकि रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट करेगा. इसके अलावा इनकम टैक्स में 12 लाख तक की सालाना कमाई पर कोई टैक्स ना लगना भी रियल एस्टेट को बूस्ट करने जा रहा है. जानकारों का मानना है कि मिडिल क्लास के हाथों में पैसा आए तो वो निवेश के रियल एस्टेट सेक्टर की ओर देखेंगे. इसके अलावा अफोर्डेबल हाउसिंग की डिमांड में भी इजाफा होगा. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर इस पर रियल एस्टेट के जानकार क्या कहते हैं.

क्रेडाई पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश गुप्ता ने कहा कि बजट की घोषणाएं रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बढ़िया परिणाम देने वाली है. टैक्स स्लैब बढ़ाने का फैसला बहुत सकारात्मक है, जो हर प्रकार से घर खरीदारों के हित में है. रुके हुए प्रोजेक्ट के लिए फंड बढ़ाने का फैसला हाउसिंग को बूस्टर डोज देगा. जिससे सप्लाई बढ़ेगी और वर्षों से सपने घरों का इंतेजार कर रहे घर खरीदारों को अपना घर मिल सकेगा. इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने से पूरी इकोनॉमी का साइकिल चल पड़ता है. जिसका परोक्ष प्रभाव रियल एस्टेट सेक्टर को भी मिलता है. इसके साथ अगर इनपुट टैक्स क्रेडिट वापस लाया जाता तो बजट रियल एस्टेट सेक्टर के लिए और भी बेहतर हो जाता.

### रुके हुए प्रोजेक्ट्स शुरू हो सकेंगे

रेनॉक्स ग्रुप एमडी शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि सरकार के कई फैसले रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बहुत ही स्वागत योग्य है. फंड का दायरा बढ़ने से पुराने स्टक प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में मदद मिलेगी और सेक्टर में नए तथा काम करने वाले प्रोमोटर को मौका मिलेगा. इनकम टैक्स में बचत होने से आम जनता की सेविंग बढ़ेगी जिससे वे निवेश करने हेतु आगे आएंगे, ऐसे में घर खरीदने वालों को निवेश करने के मौका और प्रोत्साहन मिलेगा. रेन्टल इनकम पर टीडीएस की सीमा बढ़ने का लाभ सेकंड या थर्ड होम लेने वालों को मिलेगा जो एक सकारात्मक पहल है. इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लाभ हमे पिछले 2-3 वर्षों में दिखा है और आशा है कि आने वाले वर्ष में भी इसका प्रभाव रियल एस्टेट पर दिखेगा.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर




प्रविण कडू : 9822472123

# बजट में मेट्रो के लिए मिले 1255.06 करोड़

> मुंबई-पुणे में मेट्रो पकड़ेगी स्पीड

**मुंबई.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण के केंद्रीय बजट 2025-26 में महाराष्ट्र की परियोजनाओं के लिए भी फंड मिला है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बजट 2025 को ग्रामीण भारत का चेहरा बदलने वाला बताया है। लोकसभा में बजट पेश होने के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह बजट निवेश पर केंद्रित है। देश के मिडिल क्लास के लिए सपने देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तारीफ की। फडणवीस ने कहा कि 12 लाख तक की आय कर मुक्त करके मध्यम वर्ग को एक बड़ी राहत दी गई। केंद्रीय बजट में मुंबई के साथ पुणे में मेट्रो के विस्तार के लिए फंड का ऐलान किया गया है। इतना ही नहीं पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन को फंड दिया गया है।

फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र स्टार्टअप की राजधानी है। स्टार्टअप के लिए 20 करोड़ रुपये की ऋण सीमा कर दी गई है। इससे स्टार्टअप की इकोसिस्टम मजबूत होगी। विभिन्न स्टार्टअप और उनके माध्यम से होने वाले रोजगार के अवसरों से हमारे राज्य का इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत होगा।



### रोजगार के अवसर मजबूत होंगे

महाराष्ट्र को केंद्रीय बजट में क्या मिला है।फडणवीस ने कहा कि कुछ प्राथमिक जानकारी मेरे पास आई है। उसके अनुसार महाराष्ट्र रूरल कनेक्टिविटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट के लिए 683 करोड़, महाराष्ट्र एग्री बिजनेस प्रोजेक्ट के लिए 100 करोड़, इकोनॉमिक क्लस्टर के लिए 1094 करोड़, लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के लिए 186 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सीएम फडणवीस ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को विकसित भारत बजट करार दिया।

# गुलियन-बैरी सिंड्रोम से ग्रस्त बुजुर्ग ने तोड़ा दम

**पुणे.**

महाराष्ट्र में गुलियन-बैरी सिंड्रोम से एक और मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, तो वहीं दूसरी ओर असम में गुलियन-बैरी सिंड्रोम से पहली मौत ने खौफ को बढ़ा दिया है। महाराष्ट्र में गुलियन-बैरी सिंड्रोम इससे पहले चार लोगों की मौत हो चुकी है। पांचवी मौत पुणे में हुई है। यहां पर अस्पताल में 60 साल के पुरुष की मौत हो गई। तो वहीं दूसरी तरफ असम एक किशोरी की पहली मौत हुई है। यह लड़की गुवाहाटी के अस्पताल भर्ती थी। उसकी उम्र 17 साल थी। महाराष्ट्र में गुलियन-बैरी सिंड्रोम पुणे में अधिक खौफ देखने को मिल रहा है। सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट पर किया हुआ है। महाराष्ट्र में नांदेड़ गांव के 60 वर्षीय व्यक्ति की शनिवार तड़के 12:30 बजे पुणे के ससून अस्पताल में मौत हो गई। वह 16 जनवरी से अस्पताल में भर्ती थे। असम में 17 साल की एक लड़की की गुवाहाटी के प्रतीक्षा अस्पताल में मौत हो गई। यह असम में जीबीएस से पहली मौत है। लड़की 21 जनवरी से अस्पताल में भर्ती थी और 11 दिनों से वेंटिलेटर पर थी। पुणे में जीबीएस के मामलों में लगातार वृद्धि चिंता का विषय है। गंभीर हालत में मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। शुक्रवार तक आईसीयू में 45 मरीज भर्ती थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 83 हो गई है। वेंटिलेटर पर मरीजों की संख्या 18 से बढ़कर 28 हो गई है।

# 5 देसी पिस्तौल जब्त, शहर में मचा हड़कंप

> नसिक पुलिस ने की कार्रवाई

**नासिक.**

नासिक में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के बीच पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। पुलिस की टीम आपराधिक छवि वाले लोगों पर नजर बनाए हुए है। पुलिस पिछले दो दिनों बड़ी कार्रवाई करते हुए कई देसी पिस्तौल जब्त की है। नासिक में देसी पिस्तौलों की व्यापकता चिंता का विषय बन गई है, जिसके चलते पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने इन अवैध आग्नेयास्त्रों को ले जाने या आपूर्ति करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। नासिक पुलिस ने 2 दिन के अंदर 4 और 8 दिन के अंदर 5 देसी पिस्तौलें जब्त की हैं, जिससे शहर में हड़कंप मच गया है। नासिक पुलिस के गुंडा निरोधक दस्ते ने छापेमारी की। ऐसी ही एक घटना में गुंडा निरोधक



दस्ते को विहितगांव के महाराजा बस स्टॉप के पास 27 वर्षीय सोमेश्वर हंगरगे के पास देसी पिस्तौल होने की सूचना मिली।

सहायक पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर मोहिते और उनकी टीम ने हंगरगे का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इन छापों का उद्देश्य नासिक में अवैध आग्नेयास्त्रों के खतरे को कम करना है। नासिक पुलिस ने हाल के दिनों में अवैध आग्नेयास्त्रों और विस्फोटकों की बड़ी मात्रा में जब्ती की है।

तलाशी के दौरान एक संदिग्ध के पास से 30,000 रुपये की कीमत की एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके अलावा क्राइम ब्रांच की यूनिट 2 ने 2 अलग-अलग ऑपरेशन में 3 और देसी पिस्तौल जब्त की हैं। कुल मिलाकर, नासिक पुलिस की क्राइम ब्रांच और गुंडा निरोधक दस्ते ने 8 दिनों के भीतर 5 देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस जब्त किए हैं, इस प्रक्रिया में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### अवैध आग्नेयास्त्रों की बरामदगी ने चिंता बढ़ाई

अवैध आग्नेयास्त्रों पर यह कार्रवाई शहर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस के प्रयासों का हिस्सा है। हाल ही में नासिक पुलिस ने एक कार्रवाई में 5 देसी पिस्तौल और 11 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। नागरिकों ने पुलिस की कार्रवाई का स्वागत किया है, लेकिन नासिक में बड़ी संख्या में अवैध आग्नेयास्त्रों की बरामदगी ने चिंता बढ़ा दी है। नतीजतन, नागरिक अवैध आग्नेयास्त्रों को ले जाने या आपूर्ति करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# प्रतिबंधित कफ सिरप बिक्री गैंग का पर्दाफाश

> 31.75 लाख का माल बरामद, 5 आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे.**


युवाओं में नशे की लत इस कदर बढ़ गई है कि प्रतिबंधित दवाइयों को नशे के लिए उपयोग कर रहे हैं। जून 2023 में केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए कई कफ सिरप के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी, इसके बावजूद आज भी कई ऐसी कंपनियां हैं जो धड़ल्ले से इसकी बिक्री कर रही हैं और कई जगह इसका भंडारण किया जा रहा है। खांसी-सर्दी होने पर डॉक्टर आमतौर पर कफ सिरप दवा लेने की सलाह देते हैं, लेकिन ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 4 साल से छोटे बच्चों को कफ सिरप देने पर करीब-करीब 1 साल पहले से बैन लगा दिया है। बावजूद इसके ठाणे में प्रतिबंधित कफ सिरप बिक्री के गैंग का पर्दाफाश कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई ठाणे की अपराध शाखा पुलिस ने की।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो प्रतिबंधित कफ सिरप की 31.75 लाख रुपये मूल्य की बोतलें अवैध रूप से रखने के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मादक पदार्थों से युक्त इन कफ सिरप का अक्सर नशे के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिससे जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा होता है। इस मामले के संदर्भ में कड़ी जांच कर बड़ी आपूर्ति श्रृंखला का पता लगने पर और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं। ऐसी जानकारी पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि 24-45 वर्ष के पांच लोगों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम तथा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।.

# बॉयफ्रेंड ने ली एक्स-गर्लफ्रेंड की जान

**मुंबई.**

नवी मुंबई में शनिवार को एक युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका की चाकू से हत्या कर दी और फिर खुद को भी घायल कर लिया. आरोपी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतका की पहचान 22 वर्षीय जागृति सातवे के रूप में हुई है. आरोपी निकेश शिंदे और जागृति पहले रिलेशनशिप में थे, लेकिन तीन महीने पहले उनका ब्रेकअप हो गया था. पुलिस के मुताबिक, शिंदे को शक था कि जागृति किसी और के साथ रिश्ते में थी. शिंदे जागृति के न्यू पनवेल स्थित घर पहुंचा. दोनों के बीच बहस हुई, जिसके बाद शिंदे ने चाकू निकाला और जागृति के गले पर वार कर दिया. जागृति की मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद शिंदे ने खुद का भी गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की. घटना के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल शिंदे को कामोठे के अस्पताल में भर्ती कराया गया.



खंडेश्वर पुलिस ने आरोपी शिंदे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जलन और शक के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

पुलिस की टीम अब इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या हत्या करने का प्लान पहले से था या अचानक ऊब और आक्रोश में आकर ऐसा किया गया. दरअसल, बॉयफ्रेंड ब्रेकअप के बाद लंबे समय से टेंशन में था. उसे कई बार ऐसा लग रहा था कि उसकी पूर्व प्रेमिका उसे छोड़कर किसी और से बात कर रही है और किसी और के साथ रिलेशन में आ गई है. ये बात उसे लंबे समय से परेशान कर रही थी. आखिरकार जब उससे रहा नहीं गया तो वह एक्स गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके. फिर बहस हुई और पूर्व प्रेमी ने जान ले ली. इस दुखद घटना ने नवी मुंबई के समाज को हिला कर रख दिया है. इस घटना से संबंधित हर जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच को आगे बढ़ाने में जुटी हुई है.

# नांदेड़-नवी मुंबई जिला अध्यक्ष की नियुक्ति रद्द

> प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्निथला ने लगाई इस पर रोक

**मुंबई.**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हरियाणा के बाद अब महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गई नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष नाना पटोले ने पिछले दिनों नांदेड़ और नवी मुंबई के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की थी, लेकिन अब महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने इन नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। कुछ दिन पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नवी मुंबई के पूर्व महापौर रमाकांत म्हात्रे ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी। तब अपने पद से इस्तीफा देते समय उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाए। म्हात्रे ने कहा





था कि कांग्रेस के दो नाना में से एक ने विधानसभा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी के लिए 4 करोड़ रुपये की मांग की थी।

म्हात्रे के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए चेन्निथला ने पटोले द्वारा की गई नियुक्ति को निलंबित कर दिया है। यह कहा जा रहा है कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करते समय अखिल भारतीय समिति की अनुमति नहीं ली थी। इसलिए चेन्निथला ने नियुक्ति को स्थगित करने का निर्णय लिया। इसे नाना पटोले के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद नाना पटोले के इस्तीफा देने की अटकलें सामने आई थीं। तब नाना पटोले ने मना कर दिया था। सूत्र की मानें तो प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार की जिम्मेदारी लेते हुए पार्टी आलाकमान को अपना इस्तीफा भेज दिया है। पार्टी अंदरखाने नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश कर रही है। इस रेस में सीनियर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार, पूर्व सीएम विलास राव देशमुख के पुत्र अमित देशमुख के अलावा सतेज बंटी पाटिल का नाम आगे चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक संसद के बजट सत्र के बाद इस पर फैसला लिया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष के लिए यशोमति ठाकुर के नाम की भी चर्चा हो रही है। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ 16 सीटें मिली हैं। खुद नाना पटोले सकोली से काफी कम अंतर से जीत पाए हैं। महाराष्ट्र से पहले हरियाणा में दीपक बाबरिया ने प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के फैसलों पर रोक लगा दी थी।

# एडल्ट एक्ट्रेस रिया बर्डे के पिता को किया अरेस्ट

**मुंबई.**

पिछले साल चर्चा में आई एडल्ड फिल्म स्टार रिया बर्डे को लेकर पिछले दिनों बड़ा खुलासा हुआ था। रिया बर्डे का असली नाम बन्ना शेख होने का खुलासा हुआ था। अब पुलिस ने इस पूरे मामले में के सौतेले पिता अरविंद बर्डे को अरेस्ट किया है। पुलिस की जांच में सामने आया था कि रिया बर्डे ने अरविंद बर्डे के फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। जिसमें उन्होंने दिखाया था कि वह अरविंद बर्डे की बेटी हैं और अमरावती (महाराष्ट्र) में पैदा हुई हैं, लेकिन पुलिस जांच से पता चला कि रिया बर्डे का असली नाम `बन्ना शेख` है। भारत आने के बाद रिया बर्डे की मां ने अमरावती के एक हिंदू शख्स को ढूंढा जिससे वह शादी कर सके।



उसकी मुलाकात अरविंद बर्डे से हुई। रूबी शेख ने अपना नाम अंजलि बताया और खुद का घर पश्चिम बंगाल में होने का दावा किया। अरविंद बर्डे ने रूबी को अपनी पत्नी का दर्जा दिया। उसके बाद दोनों ने मिलकर तीनों बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनवाए। पांचों ने मिलकर पासपोर्ट भी तैयार करवाए। अरविंद बर्डे और अंजलि कतर चले गए। पुलिस ने बताया कि रिया बर्डे मुंबई में सी ग्रेट फिल्मों में काम करती थी। उसके अलावा उसके ऊपर सेक्स रैकेट का भी आरोप है। आगे जांच में निकला कि रिया का मूल नाम बन्ना शेख था। उसने सी ग्रेड फिल्मों के लिए अपना नाम बदल लिया।



भारत गणराज्य REPUBLIC OF INDIA
P IND R9790556
BARDE
RIYA ARVIND
भारतीय/INDIAN F 21/04/2002
ACHALPUR, MAHARASHTRA
NAGPUR
20/07/2018 20/04/2020
P<INDBARDE<<RIYA<ARVIND<<<<<<<<<<<<<<<<<<<<
R9790556<4IND0204211F2004208<<<<<<<<<<<<<<6

पोर्न फिल्मों में काम के लिए उसने अपना नाम आरूही रखा था। वह रात बिताने के लिए कस्टमर्स के साथ भी जाती थी। इस धंधे में भी उसे लोग आरूही के नाम से ही जानते हैं। रिया बर्डे इससे पहले भी कई बार अरेस्ट हो चुकी है। पिछली बर्डे को जाली पासपोर्ट बनवाने पर उल्हासनगर से अरेस्ट किया था। मुंबई में अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के बाद पुलिस बांग्लादेशियों की जांच पड़ताल में जुटी है। दो दिन पहले ठाणे पुलिस ने बड़ी संख्या में बांग्लादेशियों को पकड़ा था। रिया बर्डे का बीच में राज कुंद्रा से भी लिंक सामने आया था।.

# विरार-वैतरणा और सफाले-केलवे रोड के बीच रहेगा ब्लॉक

**मुंबई.**

पश्चिम रेलवे ने पश्चिम रेलवे के विरार और वैतरणा तथा सफाले और केलवे रोड के बीच पीएससी स्लैब एवं गर्डर लॉन्च करने के लिए दो ब्लॉक का अपडेट साझा किया है। रेलवे के अनुसार इन दोनों ब्लॉक के दौरान काफी ट्रेनें प्रभावित होंगी। ऐसे में यात्री अपनी यात्रा की शुरुआत से पहले ट्रेनों की स्थिति को जांच लें। पश्चिम रेलवे के अनुसार शनिवार/रविवार, 01/02 और रविवार 9 फरवरी, 2025 को ब्लॉक लिये जाएंगे। 1और 2 फरवरी, 2025 को 22.50 बजे से 04.50 बजे तक यह ब्लॉक छह घंटे के लिए होगा और 9 फरवरी, 2025 को 01.40 बजे से 07.10 बजे तक पांच घंटे तीस मिनट के लिए होगा। 01/02 और 9 फरवरी, 2025 को पांच घंटे का ब्लॉक अप और डाउन मेन लाइन पर लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।



# एयरपोर्ट पर दुर्घटना में विदेशी यात्री सहित 5 लोग घायल

**मुंबई.**

मुंबई एयरपोर्ट पर रविवार को एक भीषण दुर्घटना की खबर सामने आई है, जिसमें 5 लोग गंभीर रूप से घायल होने की खबर सामने आ रही है। मुंबई के टर्मिनल 2 प्रस्थान क्षेत्र में एक मर्सिडीज-बेंज पर्यटक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मुंबई पुलिस ने दुर्घटना की जानकारी दी और बताया कि ड्राइवर ने यात्रियों को गेट 1 पर उतार दिया, लेकिन उन्हें छोड़ने के बाद, उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन गेट 3 के सामने रैंप से टकरा गया। इस दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें चेक गणराज्य के दो विदेशी यात्री और तीन एयरपोर्ट कर्मचारी शामिल हैं। सभी पांचों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें इलाज के लिए नानावटी अस्पताल ले जाया गया है।

# एमपीएससी भर्ती परीक्षा में ठगी का प्रयास

**मुंबई.**

महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों से ठगी की कोशिश का मामला सामने आया है. पुणे पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि तीनों ने एमपीएससी भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से फोन करके प्रश्नपत्र के लिए 40 लाख रुपये मांगे थे. पुलिस का कहना है कि प्रश्नपत्र लीक होने का सबूत नहीं मिला है. कथित ठगों की पहचान दीपक गयाराम गायधाने, सुमित कैलाश जाधव और योगेश सुरेंद्र वाघमारे के रूप में हुई है.एक अधिकारी ने बताया कि पुणे पुलिस की अपराध शाखा ने शनिवार को कार्रवाई की. उन्होंने बताया कि एमपीएससी की सचिव सुवर्णा खरात ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे कुछ छात्रों को अज्ञात नंबर से फोन आने की बात बताई थी. कॉलर ने अभ्यर्थियों से 40 लाख रुपये में परीक्षा का पेपर देने की पेशकश की थी.अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त निखिल पिंगले ने कहा, `इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. दो आरोपी चाकन इलाके से पकड़े गए और तीसरे की गिरफ्तारी नागपुर से हुई.` उन्होंने कहा कि अब तक हुई जांच के अनुसार, परीक्षा का पेपर लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला है. मामले की विस्तृत जांच की जा रही है. अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने 24 छात्रों की सूची भी बरामद की है. आरोपी छात्रों को फोन करने की योजना बना रहे थे. पुलिस ने बताया कि तीनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आज आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत पड़ेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

कर्क-आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए खुशियां लेकर आने वाला है। यदि आप किसी दूसरी नौकरी की तलाश कर रहे थे.

सिंह- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने आप को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कन्या-आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। घर परिवार में लोग आपके कामों की तारीफ करेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। शौक मौज की चीजों पर आप अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

वृश्चिक-आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि रहेगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आज आप आनंद में समय व्यतीत करेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अति उत्साहित होने से बचना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी भी कर सकते हैं।


मीन- आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप आवेश में आकर खर्च न करें क्योंकि लोग आपको बहकाने की कोशिश करेंगे।

# मोदी सरकार का हर बजट चुनावी पैकेज

> राउत ने कसा तंज

**मुंबई.**

देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया। इस बजट का सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने तो स्वागत किया और इसे देश के लिए लाभकारी बताया। लेकिन विपक्ष ने इसकी कड़ी आलोचना की खासकर इस बार सरकार ने बजट में बिहार का खास ध्यान रखा है जिस पर विपक्ष ने सवाल उठाया है। केंद्रीय बजट पर विपक्ष की आलोचना के बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का हर बजट चुनावी पैकेज होता है और इस बार भी इसमें कोई अपवाद नहीं है, क्योंकि इस साल के अंत में बिहार में चुनाव होने हैं। संजय राउत ने आज यहां मीडियाकर्मियों से कहा, "बिहार में चुनाव होने वाले हैं – मोदी सरकार का हर बजट चुनावी पैकेज होता है। इस बार बिहार में चुनाव है और इसलिए उन्होंने बिहार को सबसे अधिक राशि आवंटित की है।



### एकनाथ शिंदे की जरूरत नहीं

अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिहार के लिए कई प्रोत्साहनों की घोषणा की, जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने घोषणा की कि पटना हवाई अड्डे की क्षमता का विस्तार करने और बिहटा में ब्राउनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के अलावा बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे विकसित किए जाएंगे। एकनाथ शिंदे गुट पर भाजपा के प्रभाव के बारे में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत कहते हैं, "एकनाथ शिंदे के गुट, जिसके बारे में उनका दावा है कि वह अमित शाह द्वारा बनाया गया शिवसेना गुट है, को बहुमत का समर्थन प्राप्त है, लेकिन सरकार स्थिर नहीं है।

# उद्धव ठाकरे गुट का पूर्व कॉर्पोरेटर गिरफ्तार



**मुंबई.** बिजनेसमैन से जबरन वसूली के आरोप में शिवसेना-यूबीटी के नेता स्वप्निल बांदेकर समेत तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है. स्वप्निल बांदेकर और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (2) ,308 (3), 308(4), 352,351(2) और 3(5) के तहत मामल दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है. स्वप्निल बांदेकर के बारे में बताया जा रहा है कि वह पूर्व कॉर्पोरेटर हैं. नवघर पुलिस ने एक बिजनेसमैन से जबरन वसूली के मामले में यह कार्रवाई की है. मीरा भयंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने 34 वर्षीय एक बिजनेसमैन की शिकायत पर मीरा रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में जाल बिछाकर उन्हें गिरफ्तार किया. बांदेकर और उनके गिरोह के सदस्य एक बिजनेसमैन को ब्लैकमेल कर रहे थे.मुख्य आरोपी बांदेकर और उनके गिरोह के सदस्य हिमांशु राजेंद्र शाहा,किशोर और नितिन पैसे ऐंठने के लिए ही आरटीआई आवेदन दायर कर रहे थे. बिजनेसमैन ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि मुझे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और 10 करोड़ रुपये की मांग की गई. कई दौर की चर्चा के बाद 1.25 करोड़ रुपये देना तय हुआ. उन्होंने मीरा रोड के नवघर इलाके में एक होटल में बिजनसमैन को बुलाया. लेकिन पुलिस को पहले ही टिप मिल गई थी. पैसा लेने के लिए हिमांशु शाह नवघर पहुंचा. हालांकि नवघर पुलिस ने हिमांशु शाह को गिरफ्तार कर लिया. पैसा लेने के बाद हिमांशु ने बांदेकर और उसके अन्य सहयोगियों को आगे की बैठकों के लिए हरी झंडी देने के लिए सूचित किया. लेकिन त्यौहार के चलते नालासोपारा में बुलाया जिसके बाद शनिवार देर रात सभी आरोपी नालासोपारा पहुंचे. अन्य तीनों आरोपियों को नवघर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

कार्यकारी दंडाधिकारी मौदा यांचे न्यायालय, मौदा
दिनांक 08/01/2025
जाहिरनामा
[illegible]
कार्यकारी दंडाधिकारी, मौदा

## सुविचार

मन ऐसा पवित्र स्थान है, जहां आपकी अनुमति के बिना कोई बुरी चीज प्रवेश नहीं कर सकती

## संपादकीय

# मैला उठाने वालों को नहीं मिलती सुविधा

❍ समाज के कुछ कमजोर तबकों के लोगों को मैला उठाने या सीवर साफ करने के काम से मुक्ति नहीं मिल सकी है, तो यह हर तरह से मानवीय गरिमा के खिलाफ है। यह दुखद है कि देश के कुछ हिस्से में आज भी परंपरागत तरीके से ये काम कराए जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए संसद काफी पहले कानून बना चुकी है। मगर वर्ष 2018 में हुए सर्वेक्षण में पाया गया था कि अट्ठावन हजार से अधिक लोग इस कार्य में संलग्न हैं। यह अमानवीय ही है कि ये लोग शुष्क शौचालयों की सफाई सामान्य तरीके से या हाथ से करने पर मजबूर हैं। सीवर में उतर कर परंपरागत तरीके सफाई करने वाले कर्मियों की दम घुटने से मौत की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। इनमें ज्यादातर वे लोग होते हैं, जिनके पास बचाव के साधन नहीं होते। इस लिहाज से देखें तो दिल्ली सहित छह महानगरों में हाथ से सीवर की सफाई या मैला उठाने पर पूरी तरह रोक लगाने का शीर्ष न्यायालय का निर्णय बेहद अहम और जरूरी है। यह निराशाजनक है कि तमाम पाबंदियों और स्वच्छता अभियानों के बावजूद देश की तस्वीर नहीं बदली है।

यह हाल तब है, जब पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को सुनिश्चित करने को कहा था कि हाथ से मैला साफ करने का काम पूरी तरह समाप्त हो। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि कानूनी स्थिति के समांतर हकीकत यह है कि आज भी छोटे या बड़े शहरों में सीवर की सफाई कई बार परंपरागत तरीकों से कराई जाती है। सीवर में उतर कर सफाई करने वाले लोगों को शायद ही कभी सुरक्षा उपायों से लैस किया जाता है।

नतीजतन, सीवर में उतर कर सफाई करने वाले मजदूरों की दम घुट कर मौत की खबरें आज भी आती रहती हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस दौर में बड़े और भारी कामों के लिए अत्याधुनिक तकनीक से तैयार मशीनों का सहारा लिया जाने लगा है, वहीं सीवर सफाई जैसे काम आज भी कई जगह पर हाथ से कराए जाते हैं। विकल्प के अभाव में इस काम को करने वाले लोगों के प्रति सामाजिक व्यवहार कोई छिपा तथ्य नहीं है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती एक जरूरी हस्तक्षेप है। मगर यह देखने की बात होगी कि जमीन पर इसका अमल किस हद तक होता है।

# संस्कृत, भारत की आत्मा!

❐ दिल्ली में संपन्न हुए पन्द्रहवें विश्व संस्कृत सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने संस्कृत को भारत की 'आत्मा' बतलाते हुए, संस्कृत की महत्ता व महिमा के दृष्टिगत कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा, संस्कृत दुनिया की सबसे प्राचीनतम जीवंत भाषाओं में से एक है। यदि हम इसकी टूटी हुई कड़ियों को जोड़ने और बहुविषयक पहल को आगे बढ़ाते हैं तो संस्कृत में वर्तमान ज्ञान-प्रणाली और भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने संस्कृत को नकारने की कमजोर नब्ज पर हाथ रखते हुए बड़ी साफगोई से कहा इस भाषा के बारे में ऐसी गलत धारणा बन गई है कि इसे केवल धर्म, उपासना और रीतियों से जोड़कर देखा जाने लगा। ऐसी धारणा कौटिल्य, चरक चार्वाक, आर्यभट्ट, सुश्रुत, वात्स्यायन, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य, पंतजलि और अन्य कवियों, चिंतकों व लेखकों के मर्म को नजरअंदाज करने के अलावा इसकी मूल उपादेयता के साथ अन्याय है। किंतु इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि संस्कृत के महत्व को संस्कृत से जुड़े पर्वों के अवसर पर औपचारिक पुनरावृत्ति कर कर्तव्य की इतिश्री कर दी जाती है।

## आलेख

डॉ. दीपक आचार्य

# भिखारियों से न करें सच की उम्मीद

❐ हर इंसान अपने आप में तभी तक इंसान रहता है जब तक कि वह इंसानियत के मौलिक गुण-धर्म को अपनाए रखता है। जब इन तत्वों का क्षरण होना आरंभ हो जाता है तब वह इंसान रहने और कहलाने की सारी काबिलियत छोड़ देता है। यह दीगर बात है कि जो आदमी इंसानियत खो चुकता है, वह शैतानियत के सारे रास्तों को अपना लेता है और इस वजह से दूसरे लोग इनसे इसलिए कोई पंगा लेना नहीं चाहते कि कौन इनसे उलझ कर अपना समय बर्बाद करे, अपने आपको विवादित करे और इंसान के रूप में प्राप्त दुर्लभ जीवन के अमूल्य क्षणों को फालतू खर्च करे। उन कारणों की खोज की जाए जिनकी वजह से इंसान भटक और बहक जाता है, उन धाराओं के साथ जो प्रदूषित और घातक हैं। तो साफ सामने आगा कि मामूली ऐषणाओं, स्वार्थों और कामनाओं के वशीभूत होकर इंसान भिखारियों की तरह व्यवहार करने लगता है। उसका स्वभाव ही ऐसा हो जाता है जैसे कि याचक जिस किसी में उम्मीद देखते हैं उसकी ओर हाथ पसार कर मुँह लटका कर अपनी दीनता-हीनता और पुरुषार्थहीनता का खुला प्रदर्शन कर स्वाँग रच लिया करते हैं। इंसानी क्षमताओं और सामर्थ्य से बेखबर रहने वाले अधिकांश लोगों की यही स्थिति है। इन लोगों का न ईश्वर पर भरोसा होता है, न अपने आप पर, इसीलिए जिन्दगी भर छलांग मारते रहने के लिए किसी न किसी सहारे की उम्मीद लगी रहती है। इन सहारों के भरोसे इनकी पूरी जिन्दगी बड़ी ही आसानी से कट जाती है। करना क्या है सिर्फ लल्लो-चप्पो, अच्छी-अच्छी लुभावनी बातें, चापलुसी और झूठी वाहवाही भरी बातें। ऐसा मिथ्या संभाषण और पग-पग पर झूठ बोलने, सुनने और झूठ का आश्रय ग्रहण करते हुए सारी जिन्दगी निकाल देने का काम वे ही कर सकते हैं जिनकी आत्मा मर चुकी होती है। यों कहा जाता है कि आत्मा अमर है। लेकिन इन जैसे लोगों के शरीर में आकर आत्मा तब तक मृतावस्था में ही पड़ी रहती है जब तक कि वह इनकी सड़ियल और झूठ से लबालब भरी देह से वह पृथक न हो जाए। जो खुद को भुला दे कर इंसान औरों की दया, करुणा और कृपा पर पलता है वह जीवन में कभी भी अपने लिए जीने की कल्पना नहीं कर सकता। औरों के भरोसे रहता ही वह इसलिए है ताकि बिना मेहनत या कम मेहनत किए वह सब कुछ मुफत में प्राप्त कर ले जिसके लिए दूसरे लोगों को दिन-रात कितनी हाड़-तोड़ मेहनत करने की जरूरत पड़ती है तब कहीं जाकर जीने का संतोष प्राप्त हो पाता है।

# संस्कृति, साहित्य और अच्छी आदतों का 'मसाला डिब्बा'



एन. रघुरामन



❍ एक आम भारतीय रसोई में खाना पकाने के लिए, मसाला डिब्बा सबसे अनिवार्य है। लेकिन इस डिब्बे के सौंदर्यशास्त्र पर किसी का ध्यान नहीं जाता। इसके अंदर, सात छोटी कटोरियां, फूल के आकार में रखी रहती हैं। इनमें रखे अलग-अलग मसालों संग अक्सर लापरवाही भरा व्यवहार होता है। हालांकि इस उदासीनता के पीछे अनादर नहीं है, बल्कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि रसोई की रानियां इस मसाला डिब्बे से भली-भांति परिचित हैं और यह उनके दिल के करीब है। वहीं, रसोई की कुछ रानियां ऐसी भी हैं, जो अपने राजकुमार-राजकुमारियों (बेटा-बेटी) को सिखाती हैं कि मसाला डिब्बे को सलीके से कैसे संभालें। मैं बचपन में देखता था कि अगर राई का एक दाना भी कटोरी से निकलकर डिब्बे में गिर जाए, तो मां सातों कटोरी निकालकर, उस दाने को वापस राई वाली कटोरी में डालती थीं।

इसलिए जब भी मसाले के डिब्बे का ढक्कन खुलता था, तो नज़रों के सामने रंग और हवा में खुशबू होती थी। यह किसी रंगोली से कम नहीं लगता था। मेरी बहन और मुझे इसका कारण मां ने बताया था, जो अलग-अलग संस्कृतियों के बारे में पढ़ने की शौकीन थीं। उन्होंने बताया कि थाईलैंड जैसे दक्षिण एशियाई देशों में मसाले इस्तेमाल करने से जुड़ी एक परंपरा है।

वहां जब दूल्हे का परिवार, शादी के लिए लड़की देखने जाता है, तो दूल्हे की मां या दादी कान लगाकर यह सुनने की कोशिश करती हैं कि लड़की चाय या नाश्ते के लिए मसाले कैसे पीस रही है। वे मानते हैं कि होने वाली दुल्हन की खूबसूरती, उसके मसाले पीसने के तरीके से झलकती है। वह जिस तरह से स्वाद बढ़ाने के लिए, मसाला पीसते हुए कलाइयां घुमाती है, उससे आत्मविश्वास दिखता है और यह काम किसी कविता जैसा लगता है। मसाला डिब्बे की खूबसूरती बनाए रखने के लिए, राई के एक दाने को संभालने वाले व्यवहार का असर, मेरे व्यवहार पर भी बचपन से है। मैंने कभी डाइनिंग टेबल गंदी नहीं छोड़ी।

बड़े होकर भी, मैंने किराए का मकान खाली करते समय कभी गंदा नहीं छोड़ा। इस अखबार में काम करने के दौरान, मैं कई शहरों में किराए के मकानों में रहा। मकान मालिक हमेशा तारीफ़ करते थे कि मैं घर कितने सलीके से रखता हूं। मेरे एक मकान मालिक, इंदौर निवासी ऑप्थोमोलॉजिस्ट, डॉ परवानी ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा था, 'रघुजी ने मेरा घर उससे ज्यादा अच्छा वापस किया, जैसा मैंने उन्हें दिया था।' मुझे ये छोटी-छोटी बातें, तब याद आईं, जब मैंने प्रयागराज के लोगों और पुलिसकर्मियों के बारे में सुना, जिन्होंने कुंभ मेला क्षेत्र में और उसके आस-पास, लौट रहे भक्तों के लिए भंडारों का आयोजन किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन भी इस नेक काम में शामिल हुआ। एयू अधिकारियों ने आर्ट्स कैंपस को खोलने की मंजूरी दे दी, जिसे प्रयाग स्टेशन की ओर जाने वाले भक्तों ने रात बिताने के लिए इस्तेमाल किया। स्थानीय लोगों ने भी थके हुए भक्तों की परेशानी समझते हुए, देर रात तक खाने के अस्थायी स्टॉल लगाए। ऐसी ही मानवता हाल ही में अमेरिका में भी दिखी, जहां जंगल की आग में कई धनी परिवारों के घर जल गए। ऐसे में उनके ज्यादातर कर्मचारियों ने अपने मालिकों के लिए खाना बनाया। भले ही देशों के बीच सीमाएं हों, लेकिन 'अतिथि देवो भव:' की भावना सीमाओं से परे चली गई है।

## धर्म

# बसंत में हिमाचल में निकलती है अनोखी यात्रा

❍ संगम नगरी प्रयागराज समेत पूरे देश में यह त्योहार धूम-धाम से मनाया जा रहा है. बसंत पंचमी का त्योहार देश भर में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है. इस दिन लोग मां सरस्वती की पूजा करते हैं, पतंग उड़ाते हैं, और पीले रंग के कपड़े पहनते हैं. साथ ही, इस दिन कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं. प्रयागराज में इस समय महाकुंभ चल रहा है. ऐसे में वहां सुबह से ही लाखों लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है. लोग अमृत स्नान के लिए यहां आ रहे हैं. लेकिन अमृत स्नान आज नहीं बल्कि महूर्त के हिसाब से कल यानि सोमवार को है. इसी क्रम में आज जानेंगे देश के अलग-अलग राज्यों में बसंत पंचमी कैसे मनाई जाती है.



देशभर में जहां बसंत पंचमी का त्योहार सरस्वती पूजा के साथ मनाया जाता है. वहीं, हिमाचल प्रदेश कुल्लू में हर त्योहार कुछ अनोखे ढंग से मनाया जाता है. कुल्लू में इस दिन भगवान रघुनाथ की रथ यात्रा निकलती है. इस दौरान यहां भरत मिलाप की प्रथा को भी निभाया जाता है. कुल्लू जिले में 40 दिन तक होली मनाई जाती है. मेला भी लगता है. 1651 को भगवान रघुनाथ को अयोध्या से कुल्लू लाया गया था. तब से लेकर इस परंपरा को बखूबी निभाया जाता है.

पश्चिम बंगाल में, बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा मुख्य स्थान रखती है. इस दिन छात्र और कलाकार विद्या की देवी सरस्वती को श्रद्धांजलि देते हैं. छात्र उत्साहपूर्वक भाग इस पर्व में लेते हैं. लड़कियां पीली बसंती साड़ी पहनती हैं और लड़के धोती और कुर्ता पहनते हैं. भक्त सुबह देवी सरस्वती को बेल के पत्ते, गेंदा, पलाश और गुलदाउदी के फूलों का उपयोग करके अंजलि अर्पित करते हैं. सरस्वती पूजा एक सामुदायिक उत्सव बन जाती है, जिसमें इलाकों में देवी के पंडाल और मूर्तियां स्थापित की जाती हैं. ग्रामोफोन पर बजाए जाने वाले पारंपरिक संगीत से ज्ञान की देवी का आशीर्वाद मांगा जाता है. नैवेद्य में भक्तों के बीच वितरित किए जाने वाले कुल फल, सेब, खजूर और केले जैसे प्रसाद शामिल होते हैं. बंगाली वर्णमाला सीखने का समारोह, हाटे खोरी भी किया जाता है. शाम को जल निकायों में देवी सरस्वती की मूर्ति के विसर्जन के साथ एक भव्य जुलूस निकाला जाता है. इसके अलावा पंजाब और हरियाणा में इस त्योहार को पतंग उड़ाने की प्रतियोगिताओं द्वारा चिह्नित किया जाता है, जो इसे एक जीवंत और रंगीन आयाम प्रदान करता है. पतंगबाजी में में पुरुष और महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं. बसंत पंचमी से पहले पतंगों की मांग बढ़ जाती है और साफ नीला आसमान विभिन्न रंगों, आकृतियों और आकारों की पतंगों के लिए एक कैनवास बन जाता है. पारंपरिक पंजाबी परिधानों और बसंती रंग के कपड़े पहने स्कूली छात्राएं पतंग उड़ाने की गतिविधियों में शामिल होती हैं. इस त्योहार की खासियत यह है कि स्कूली छात्राएं वसंत के आगमन का जश्न मनाने के लिए लोकप्रिय लोक नृत्य गिद्दा भी करती हैं. इसके अलावा कुछ विशेष व्यंजनों को बनाया जाता है जैसे- खिचड़ी और मीठे चावल, सरसों का साग और मक्के की रोटी.

## लघुकथा

बालहंस में प्रकाशित

# सुबह का भूला

❍ शाम का धुंधलका घिर आया था ।सुरेश पार्क के एक कोने में विचारमग्न था। किसी का कंधे पर स्पर्श पा कर वह चौंक उठा।"यहीं बैठे रहोगे भैया घर नहीं जाओगे। यह चमन था जो हर सुबह उनके घर अखबार देने आता था। मैने घर हमेशा के लिये छोड़ दिया है सुरेश ने बोझिल स्वर में कहा मगर क्यों भैया? चमन ने प्रश्न किया 'घर में सब लोग मुझे बस पढ़ाई के लिये टोकते हैं ।मगर मेरा मन नहीं लगता पढ़ाई में' सुरेश ने तल्खी भरे स्वर में कहा। 'माँ बाप बहुत किस्मत से मिलते हैं। आप तो बहुत भाग्यशाली हो जो आपको इतने अच्छे माता पिता मिले हैं।' चमन की आँखें तरल हो उठीं। आँखों की कोर में आये हुये आंसुओं को उसने झट से पोंछ लिया 'कहां प्यार करते हैं वो मुझे बस हमेशा पढ़ाई के लिये डांटते रहते हैं और कभी यह मत करो तो कभी वह मत करो कहते हैं।'

सुरेश के स्वर में गुस्सा था। 'मगर इस प्रकार टोकने के पीछे भी तो उनके स्नेह की भावना है ।वे तुम्हारा भला चाहते हैं तभी तो वे तुम्हें तुम्हारी गलत बातों के लिये टोकते हैं। उनकी डांट में भी स्नेह है अपनापन है।' चमन ने समझाया सुरेश अवाक हो कर चमन की बुद्धिमत्तापूर्ण बातों को सुनता रहा। मगर अभी भी उसके मन में माता पिता के प्रति नाराज़गी का अंश था। 'नहीं मैंने फैसला कर लिया है कि मैं घर छोड़ दूंगा और तम्हारी तरह कोई काम करके गुजारा कर लूंगा।' 'मगर काम तो मुझे मजबूरी में करना पड़ता है। आज अगर मेरे माता पिता होते तो मुझे यह काम कभी न करने देते ।मैं खाली वक्त में स्कूल भी जाता हूँ। मेरा तो बस यही सपना है कि मैं माता पिता के उन अधूरे सपनों को पूरा कर सकूं जो कभी उन्होंने मेरे लिये देखे थे चाहे इसके लिये मुझे कितनी ही मेहनत क्यों न करनी पड़े।' चमन के चेहरे पर विश्वास की चमक थी। चमन के इन उद्गारों ने सुरेश को विस्मित कर दिया। कहां तो चमन अपने स्वर्गीय माता पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिये निरंतर कर्मपथ पर अग्रसर है। उसे अपने आप पर ग्लानि महसूस होने लगी। उसने आज तक क्यों यह नहीं सोचा कि उसके माता पिता की भी उससे कुछ अपेक्षाएं होंगी। आखिर वे उसके शुभ चिंतक हैं वे उसका क्यों बुरा चाहेंगे। माता पिता के छिपे प्यार को वह अब महसूस कर रहा था। एकाएक उसे एहसास हुआ कि उसे अब घर चलना चाहिये।

माता पिता उसके घर न पहुँचने पर दोपहर से कितने परेशान होंगे 'तुमने मेरी आँखों खोल दीं चमन 'सुरेश ने कृतज्ञता भरे स्वर में कहा। 'मैं भटक गया था तुमने मुझे सही राह दिखाई है। माता पिता के स्नेह से अब तक मैं अनजान बना रहा और उन्हें कष्ट पहुँचाता रहा। इसका अब मुझे अफसोस हो रहा है। सुरेश ने पश्चाताप भरे स्वर में कहा। 'अच्छा मैं घर चलताा हूँ। माँ मेरे लिये कितना परेशान हो रही होगी। सुरेश ने चमन से विदा ली चमन सुरेश को घर जाते देखता रहा। उसे खुशी थी कि सुबह का भूला शाम को घर लौट चला था।

## इतिहास

# बाजी जमालुन्निसा

बाजी जमालुन्निसा (1915-2016) एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता थे। उनका जन्म 1915 में हैदराबाद में हुआ था, वह एक युवा महिला के रूप में परिपक्व हुईं, जिसमें स्वतंत्रता की भावना प्रबल थी, जिसका श्रेय उनके माता-पिता द्वारा उन्हें दी गई उदार परवरिश और पूर्ण स्वतंत्रता को जाता है। 13 वर्ष की आयु में उन्होंने प्रतिबंधित समाचार पत्र निगार पढ़ना शुरू कर दिया था। ब्रिटिश सरकार, रूढ़िवादी धार्मिक परंपराओं और निज़ाम प्रतिष्ठान के प्रति उनके मन में तीव्र आक्रोश था, जो अंग्रेजों से संबद्ध हो गए थे। अपनी ससुराल वालों की संकीर्णता के बावजूद, वह अपने स्वतंत्र विचारों और व्यवहार में अडिग रहीं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में वज्र के रूप में विख्यात हसरत मोहानी का उन पर गहरा प्रभाव था। उनसे प्रेरित होकर उन्होंने राष्ट्रीय और साम्राज्यवाद विरोधी आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया। एक कम्युनिस्ट के रूप में, बाजी ने भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल न होने के कम्युनिस्ट पार्टी के निर्णय का पालन किया, लेकिन उन्होंने उस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को आश्रय प्रदान किया। औपचारिक शिक्षा के अभाव के बावजूद, उन्होंने परिश्रमपूर्वक उर्दू और अंग्रेजी भाषाएं सीखीं। उन्होंने बज़्मे इहाबाद निडरता



से उन्होंने इन चर्चाओं के आधार पर कार्यक्रम बनाए और उनका संचालन किया। रजिया बेगम, अनवर और जाफर ने इस प्रयास में जमालुन्निसा बाजी का पूरा साथ दिया। 1946 में बाजी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्य बन गईं। उन्हें फर्स्ट लांसर में हजरत सैयद अहमद बद-ए-पाह दरगाह में दफनाया गया है। वह पूर्व विधायक और पयाम डेली के संस्थापक सैयद अख्तर हसन की बहन थीं। महिलाओं ने यह सुनिश्चित किया कि आंदोलन कमजोर न पड़े और देश को वह स्वतंत्रता मिले जिसका आनंद आज इसके अधिकांश निवासी और नागरिक उठा रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषण में महिलाओं की सराहना की और उनके योगदान की सराहना की, जिनमें रानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई, दुर्गा भाभी, रानी गाइदिन्ल्यू और बेगम हजरत महल आदि शामिल थीं। ये उन कई नामों में से कुछ हैं जो देश के स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री के भाषण की सूची में जगह बनाने वाली बेगम महल के अलावा, आज मुस्लिम महिलाओं ने भारतीय इतिहास में अपनी छाप छोड़ी है। आबादी बानो बेगम, बीबी अमतुस सलाम, बेगम अनीस किदवई, बेगम निशातुन्निसा मोहनी बाजी जमालुन्निसा, हजारा बीबी इस्माइल, कुलसुम सयानी और सैयद फकरुल हाजिया हसन उन लोगों में से हैं जिन्हें अक्सर भुला दिया जाता है या सार्वजनिक स्मृति में खो दिया जाता है।

आबादी बानो बेगम पहली मुस्लिम महिला थीं जिन्होंने राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लिया और भारत को ब्रिटिश राज से मुक्त कराने के आंदोलन का भी हिस्सा बनीं। आबादी बानो बेगम जिन्हें गांधी जी बी अम्मा कहते थे , का जन्म 1852 में उत्तर प्रदेश के अमरोहा में हुआ था। बी अम्मान का विवाह रामपुर राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी अब्दुल अली खान से हुआ था। अपने पति की मृत्यु के बाद, बानो ने अपने बच्चों (दो बेटियों और पाँच बेटों) का पालन-पोषण खुद ही किया। उनके बेटे, मौलाना मोहम्मद अली जौहर और मौलाना शौकत अली खिलाफत आंदोलन और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी व्यक्ति बन गए। उन्होंने ब्रिटिश राज के खिलाफ असहयोग आंदोलन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बी अम्मा ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद, 1917-1921 तक, सरोजिनी नायडू की गिरफ्तारी के बाद, ब्रिटिश रक्षा अधिनियम के विरोध में हर महीने 10 रुपये का दान दिया। 1917 में, बानो एनी बेसेंट और उनके बेटों की रिहाई के लिए आंदोलन में भी शामिल हुईं, जिन्हें ब्रिटिश सरकार ने बाल गंगाधर तिलक के साथ मिलकर शुरू किए गए उनके स्वशासन आंदोलन को दबाने के असफल प्रयासों के बाद गिरफ्तार कर लिया था। अपने जीवन के अधिकांश समय तक रूढ़िवादी मुस्लिम रहने के बावजूद बी अम्मा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मुस्लिम महिलाओं के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक थीं। महिलाओं का समर्थन प्राप्त करने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के एक सत्र में बोलने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने एक ऐसा भाषण दिया जिसने ब्रिटिश भारत के मुसलमानों पर अमिट छाप छोड़ी। बानो ने खिलाफत आंदोलन और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए धन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पटियाला से महात्मा गांधी की 'दत्तक पुत्री' बीबी अमतुस सलाम एक सामाजिक कार्यकर्ता और उनकी शिष्या थीं, जिन्होंने विभाजन के बाद सांप्रदायिक हिंसा का मुकाबला करने और विभाजन के बाद भारत आए शरणार्थियों के पुनर्वास में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उन्होंने कई बार कलकत्ता, दिल्ली और दक्कन में सांप्रदायिक दंगों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर अपनी जान जोखिम में डाली।

## ज्ञान

# सुनीता का स्पेस में महारिकॉर्ड

❐ भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. उन्होंने अंतरिक्ष में अब तक की सबसे लंबी स्पेसवॉक करने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. नासा के अनुसार, विलियम्स ने 62 घंटे और 6 मिनट तक अंतरिक्ष में स्पेसवॉक की. इससे वह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री द्वारा किए गए कुल स्पेसवॉक समय के मामले में शीर्ष पर पहुंच गई हैं. इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन के नाम था, जिन्होंने 60 घंटे और 21 मिनट तक स्पेसवॉक किया था. विलियम्स का नाम अब नासा की ऑल टाइम लिस्ट में चौथे नंबर पर दर्ज हो चुका है.यह स्पेसवॉक पूर्वी तट समय (ईएसटी) के अनुसार सुबह 7:43 बजे शुरू हुआ और दोपहर 1:09 बजे समाप्त हुआ. यह अभियान कुल 5 घंटे 26 मिनट तक चला, जिससे इस रिकॉर्ड को और मजबूत कर दिया गया. सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के बाहर जाकर कई अहम काम पूरे किए थे. दोनों ने खराब हो चुके रेडियो संचार हार्डवेयर को हटाने के साथ-साथ वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए जरूरी नमूने भी एकत्र किए. इन नमूनों की स्टडी की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि आईएसएस के बाहरी हिस्से में सूक्ष्मजीवों की मौजूदगी कितनी है. विलियम्स और विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से आईएसएस पहुंचे थे. उनका यह मिशन केवल आठ दिनों के लिए निर्धारित था, लेकिन तकनीकी समस्याओं के कारण उन्हें अंतरिक्ष में लंबा समय बिताना पड़ा. स्टारलाइनर में हीलियम रिसाव और थ्रस्टर की खराबी जैसी समस्याएं सामने आईं, जिससे यह यान वापसी के लिए असुरक्षित हो गया.

## संस्मरण

प्रमोद भार्गव

# बाघों की वृद्धि

❐ देश में लुप्त हो रहे बाघों की संख्या बढ़ रही है,यह अच्छी खबर है,वरना 2006 के आसपास तो हालात ऐसे बन गए थे कि बाघों के किताबों और फिल्मों में ही सिमटकर रह जाने की उम्मीद जताई जाने लगी थी। क्योंकि सारिस्का और पन्ना बाघ आरक्षित क्षेत्रों में एक भी बाघ शेष नहीं रह गया था। प्रत्येक 4 साल में बाघों की गिनती होती है। पिछले दो मर्तबा से यह गणना खुश-खबरी दे रही है। गोया,2006 और 2010 के बीच जो गिनती हुई, उसके अनुसार बाघ 1411 से बढ़कर 1706 हुए और फिर 2010 से 2014 के गिनती के परिणामों ने बाघों की संख्या 2226 तक पहुंचा दी। मसलन बीते 4 सालों में बाघों की वृद्धि में 30 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि यह गिनती भी अभी संपूर्ण और विश्वसनीय नहीं है,क्योंकि एक तो इसमें पूर्वोत्तर के राज्यों और मध्यप्रदेश के सतपुड़ा बाघ आरक्षित वनों की गिनती दर्ज नहीं है। दरअसल यह गिनती अभी की ही नहीं की गई है। दूसरे,नक्सल प्रभावित राज्य ओडीसा और झारखंड की गिनती भरोसे लायक नहीं है,क्योंकि इन क्षेत्रों के बाघ रहवास वाले सभी वन-खंडों में न तो कैमरे लगाए जा सके हैं और न ही वन-कर्मचारी दुर्गम इलाकों में नक्सलियों के भय के चलते पहुंच पा रहे है। जाहिर है, यदि जारी की गई गिनती सटीक है तो बाघों की संख्या इस गिनती से कहीं और ज्यादा है? इस बार बाघों की गणना के आंकड़े वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने जारी किए।

इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए उनका कहना था, ''दुनियाभर में बाघों की संख्या घट रही है, जबकि भारत में बढ़ रही है। यह हमारी बाघ सरंक्षण की दिशा में सफलता की कहानी है। इस पर हम गर्व कर सकते हैं।' इस बार कर्नाटक, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू और केरल में बाघों की संख्या बढ़ी है। सबसे ज्यादा 406 बाघ कर्नाटक में, फिर उत्तराखंड में 346, मध्यप्रदेश में 308 और तमिलनाडू में 229 बाघ हो गए हैं। इन राज्यों में क्रमशः 35.33,52. 42,44.43 और 40.49 फीसदी की दर बढ़त दर्ज की गई है। बावजूद ओडीसा और झारखंड में बाघ घटे है। बाघों की गिनती बेहद जटिल और जोखिम भरी है। क्योंकि बाघों का आवासीय क्षेत्रफल 3 लाख 78 हजार वर्ग किमी में फैला हुआ है।


# यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

❐ आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एर्जेसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर



अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.




सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, सोमवार, 3 फरवरी 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## इंदिरा गांधी गार्डन स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्रों को दी गई भावपूर्ण विदाई





चंद्रपुर. इंदिरा गांधी गार्डन स्कूल में कक्षा 10 के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत हेड बॉय तनमय बरसागड़े और हेड गर्ल शर्वरी महाजन के नेतृत्व में दसवीं कक्षा के छात्रों के शानदार स्वागत के साथ हुई। इसके बाद, कक्षा 9 के छात्रों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल उल्लासपूर्ण हो गया। विज्ञान शिक्षक नितिन झुमडे ने अपनी कराओके प्रस्तुति से कार्यक्रम में मनोरंजन का नया रंग भरा। मेजबान कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 के छात्रों के लिए कई मजेदार खेल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित कीं, जिससे समारोह और भी आनंदमय बन गया।

इस दौरान, विद्यार्थियों को उनकी विशेषताओं के आधार पर मिस्टर और मिस बेस्ट लुक्स, मिस्टर और मिस चार्मर, मिस्टर और मिस चैटरबॉक्स, मिस्टर और मिस जॉली स्माइल और मिस्टर और मिस फोटोजेनिक जैसी उपाधियों से नवाजा गया। प्रधानाचार्या सीमा जोसेफ ने अपने संबोधन में कक्षा 10 की परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "यह केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि आपके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। आत्मविश्वास और मेहनत से हर चुनौती को पार करें।" उप प्रधानाचार्या पायल कोम्मुरु और कक्षा 10 के शिक्षकों ने भी छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को विदाई उपहार भेंट किए और उनके सम्मान में विशेष भोज का आयोजन किया, जिससे यह अवसर यादगार बन गया।

## चंद्रपुर के विकास के लिए 600 करोड़ अतिरिक्त निधि दिलाने का संकल्प लिया

**चंद्रपुर.**

नव नियुक्त संरक्षण मंत्री डॉ. अशोक उइके ने चंद्रपुर जिले की विकास योजना के लिए 600 करोड़ अतिरिक्त निधि दिलाने का आश्वासन दिया है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 340.88 करोड़ मंजूर किए हैं, लेकिन उइके ने बताया कि इस राशि को बढ़ाकर 940 करोड़ करने का प्रस्ताव राज्य स्तर पर रखा जाएगा। इसमें 640 करोड़ सामान्य जिला वार्षिक योजना, 100 करोड़ अनुसूचित जाति उपयोजना, और 200 करोड़ आदिवासी उपयोजना के तहत प्रस्तावित किए जाएंगे। जिला योजना समिति की बैठक में बोलते हुए, उइके ने जिले की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कार्यान्वयन एजेंसियों ने कुल 1,059 करोड़ की मांग रखी है, जिससे अतिरिक्त आवंटन की आवश्यकता स्पष्ट होती है। उइके ने सरकारी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जो अधिकारी बिना पूर्व स्वीकृति के बैठक से अनुपस्थित रहेंगे, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने मामा तालाब के नवीनीकरण के लिए अलग से निधि प्राप्त करने के लिए सरकारी प्रस्तावों में संशोधन करने का आश्वासन दिया और हर घर जल योजना को प्राथमिकता से पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने बिजली वितरण कंपनी को उन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जहां जरूरत है। मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, विशेष रूप से श्मशान घाटों के लिए शेड और पहुंच मार्ग जिनकी कई गांवों में अब तक सुविधा नहीं है।

उन्होंने स्थानीय विधायकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि राज्य-स्तरीय चर्चा में चंद्रपुर के लिए अतिरिक्त निधि की मांग प्रमुख रूप से रखी जाएगी। इस बैठक में विधायक सुधाकर अडबाले, सुधीर मुनगंटीवार, किशोर जोरगेवार, देवराव भोंगळे, करण देवतळे, विजय वडेट्टीवार सहित जिला कलेक्टर विनय गौड़ा जी.सी., मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक जॉन्सन, पुलिस अधीक्षक मुम्मका सुधर्शन, प्रभारी मुख्य वनसंरक्षक पियूषा जगताप, जिला योजना अधिकारी संजय कडू और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य क्षेत्रों के लिए आरक्षित निधि

**महिला एवं बाल कल्याण:** 3%
**गतिशील प्रशासन:** 5%
**शिक्षा:** 5%
**पर्यटन एवं किले विकास:** 3%
**गृह विभाग:** 3%
**सतत विकास लक्ष्य:** 1%

## मछुआरों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर उनके जीवन में बदलाव लाएंगे

### मत्स्य व्यवसाय एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे



चंद्रपुर. खारे पानी और मीठे पानी की मछली पकड़ने का व्यवसाय पूरी तरह अलग है। विदर्भ में मीठे पानी पर आधारित मत्स्य व्यवसाय किया जाता है, और यहां के मछुआरों की समस्याओं को हमने गंभीरता से लिया है। इस विभाग के मंत्री के रूप में, मेरा उद्देश्य यहां के मछुआरों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना और उनके जीवन में व्यापक बदलाव लाना है, यह बात राज्य के मत्स्य व्यवसाय एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने कही।

पूर्व मंत्री शोभाताई फडणवीस की पहल पर पूर्व विदर्भ के मछुआरों की समस्याओं को लेकर नियोजन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री नितेश राणे बोल रहे थे। इस दौरान मंच पर विधायक किशोर जोरगेवार, जिलाधिकारी विनय गौड़ा जी. सी., मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक जॉनसन, नगर निगम आयुक्त विपिन पालीवाल, मत्स्य व्यवसाय विभाग के क्षेत्रीय उपायुक्त सुनील जांभुळे, सहायक आयुक्त अविनाश नाखवा, शुभम कोमरीवार, मत्स्य व्यवसाय विकास अधिकारी दिनेश धोपे और श्री केशवे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार, मीठे पानी पर आधारित मछुआरों के लिए एक सशक्त नीति लागू की जाएगी।

इस संबंध में मत्स्य व्यवसाय मंत्री राणे ने कहा कि मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करना और इसके माध्यम से मछुआरों के जीवन में बदलाव लाना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जो लोग मत्स्य व्यवसाय कर रहे हैं, वे संतुष्ट और आर्थिक रूप से मजबूत होने चाहिए, यही हमारे विभाग का लक्ष्य है। सरकार के रूप में हम मछुआरों के साथ खड़े हैं, और इसे व्यवहार में लाने के लिए हर 15 दिन में नियमित समीक्षा की जाएगी। तालाबों में अतिक्रमण को लेकर मंत्री राणे ने कहा कि अतिक्रमण बने रहने से मत्स्य उत्पादन नहीं बढ़ सकता।

तालाबों में हुए अतिक्रमण से न केवल मछुआरों को बल्कि सरकार को भी नुकसान हो रहा है। इसे हटाना प्राथमिकता होगी, और इसके लिए सिंचाई विभाग तथा जिला परिषद के लघु सिंचाई विभाग को तालाबों से अतिक्रमण हटाने के लिए एक समयबद्ध योजना तैयार करनी चाहिए। इस कार्य के लिए आवश्यक सरकारी तंत्र को सक्रिय किया जाए। मंत्रालय स्तर पर आवश्यक धनराशि और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए हम तैयार हैं। यदि जरूरत पड़ी, तो पुलिस प्रशासन की भी मदद ली जाएगी। तालाबों से गाद निकालना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि गाद जमा होने से मत्स्य उत्पादन घट जाता है। इसलिए अतिक्रमण, गाद और अन्य संबंधित मुद्दों पर जिलाधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम आयुक्त और संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर एक समयबद्ध योजना तैयार करनी चाहिए। इस योजना को जल्द से जल्द मंत्रालय भेजा जाए, और हम इसके लिए धन आवंटन में कोई रुकावट नहीं आने देंगे। राज्य में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए मीठे पानी पर निर्भर मछुआरों के लिए उचित योजना बनाई जाए। कोल्ड स्टोरेज की सुविधा विकसित की जाए और नगर निगम, जिला, तालुका तथा ग्राम पंचायत स्तर पर मछुआरों के बैठने के लिए एक निश्चित स्थान उपलब्ध कराया जाए। मंत्री राणे ने स्पष्ट किया कि इस विभाग के मंत्री के रूप में वे हर 15 दिन में इस मामले की समीक्षा करेंगे ताकि मछुआरों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से इस विषय को गंभीरता से लेकर उचित योजना बनाने की अपील की।

## शादी... एक पवित्र बंधन जो दो परिवारों, पूरे समाज को बांधता है: जोरगेवार



विश्वकर्मा सुतार समाज ने किया वर-वधू परिचय सम्मेलन का आयोजन

**चंद्रपुर.** वर-वधू परिचय सम्मेलन हमारे समाज के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण अवधारणा है। विवाह केवल दो व्यक्तियों के बीच का रिश्ता नहीं है, बल्कि एक पवित्र बंधन है जो दो परिवारों और पूरे समाज को बांधता है। विवाह केवल दो दिलों का मिलन ही नहीं है, बल्कि समान विचारधाराओं और आपसी सहयोग की नींव भी है। विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि इस तरह के समारोह हमारे समाज में आदर्श विवाह सुनिश्चित करने और परिवार को मजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रविवार को महाराष्ट्र विश्वकर्मा सुतार (झाडे) समाज द्वारा वर-वधू एवं अभिभावक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। वे इस अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में शिक्षक विभाग के विधायक सुधाकर अड़बाले, ज्योति राखुंडे, सतीश मनुसमारे, संतोष बोरिकर, रतन पोले, वासुदेव वंधार, प्रभाकर नवघरे, प्रमोद मनुसमारे, प्रदीप जानवे, नरेंद्र बनकर, जगदीश दुधालकर, डॉ. राजेश शास्त्रीकर, अरुणा मट्टे और अन्य गणमान्य व्यक्ति मंच पर उपस्थित थे। इस बार आगे बोलते हुए। जोरगेवार ने कहा कि हमने पिछले पांच वर्षों में कई विकास कार्य किए हैं। इन विकास कार्यों को करते समय मुख्य विचार यह था कि इससे समाज को लाभ होगा। हमने कई समुदायों को सामुदायिक भवनों के लिए धन उपलब्ध कराने का काम किया है। विधायक किशोर जोरगेवार ने घोषणा की कि यदि बढ़ई (वृक्ष) समुदाय भी सामुदायिक भवन बनाना चाहता है और उसके पास जमीन उपलब्ध है, तो इस जमीन पर सामुदायिक भवन बनाने के लिए 1 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध कराई जाएगी।

## ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व को अंतरराष्ट्रीय पर्यटनस्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव

**चंद्रपुर.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा देशभर में 50 पर्यटन स्थलों के विकास की घोषणा के बाद, चंद्रपुर जिला योजना समिति ने ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव अब राज्य और केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

इस प्रस्ताव को पूर्व मंत्री एवं विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने समिति के समक्ष रखा। उन्होंने ताड़ोबा की महाराष्ट्र के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थल के रूप में महत्ता पर जोर दिया। यह अभयारण्य राज्य में सबसे अधिक बाघों की संख्या के लिए प्रसिद्ध है और यहां वन्यजीव प्रेमियों के लिए कोर और बफर जोन में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मुनगंटीवार ने कहा कि ताडोबा को केंद्र सरकार द्वारा चुने गए 50 पर्यटन स्थलों में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अलावा, समिति ने मुल तहसील के सोमनाथ तीर्थ और गोंडपिपरी तहसील के श्री क्षेत्र धाबा को 'बी-क्लास' तीर्थ स्थल का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पारित किया है। सोमनाथ अपने प्राचीन शिव मंदिर और सुरम्य जलप्रपात के लिए प्रसिद्ध है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं।

वहीं, श्री क्षेत्र धाबा, संत परमहंस कौंडय्य महाराज की पावन भूमि है, जहां प्रतिवर्ष विशाल मेला आयोजित होता है और भक्तों की नियमित आवाजाही रहती है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई है। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने इन तीनों प्रस्तावों को जिला योजना समिति के समक्ष रखा, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह निर्णय चंद्रपुर जिले में पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब इन प्रस्तावों को राज्य और केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा, जिससे पर्यटन और तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।



### ढाबा में कोडय्या महाराज की तीर्थ यात्रा

## कीर्तन के सार को वास्तविक जीवन में उतारें: सांसद प्रतिभा धानोरकर



**चंद्रपुर.** सांसद धानोरकर ने 27 जनवरी को शुरू हुई गोंडपिपरी तालुका के धाबा में कोंडय्या महाराज की तीर्थयात्रा के अवसर पर मंदिर का दौरा किया। इस समय वे भी मंदिर में हो रहे कीर्तन में तल्लीन हो गये। सांसद धानोरकर संत कोंडय्या महाराज देवस्थान द्वारा आयोजित वार्षिक तीर्थयात्रा के अवसर पर आए थे। इस अवसर पर कोंडय्या महाराज देवस्थान समिति की ओर से सांसद धानोरकर का अभिनंदन भी किया गया।

इस समय मंदिर में काले महाराज का कीर्तन कार्यक्रम चल रहा था। यहां तक कि सांसद धानोरकर भी कीर्तन का मोह नहीं छोड़ सके। उन्होंने कुछ देर कीर्तन सुना और फिर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी को भी केवल मनोरंजन के लिए कीर्तन नहीं सुनना चाहिए, बल्कि सभी को कीर्तन के सार को वास्तविक जीवन में अपनाना चाहिए।

सांसद धानोरकर ने भी मत व्यक्त किया कि यदि सभी लोग ग्रामगीता और संविधान के अनुसार आचरण करें तो जीवन भी सुखमय हो जाएगा। सांसद धानोरकर ने कोंडय्या महाराज मंदिर की प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और यात्रा के अवसर पर सभी भक्तों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर देवस्थान समिति के सदस्य एवं कांग्रेस तालुका अध्यक्ष देवीदास सातपुते सहित अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं नागरिक उपस्थित थे।



# ममता कुलकर्णी के पास नहीं थी गुरु दक्षिणा



### उधार लेने पड़ गए 2 लाख

ममता कुलकर्णी को जब से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर का पद मिला है, तभी से उनको लेकर विवाद छिड़ा है. हालांकि, कुछ दिनों पहले ही ममता से महामंडलेश्वर का पद छीन लिया गया है. लेकिन इस दौरान एक्ट्रेस पर काफी सारे इल्जाम भी लगाए गए हैं, कहा जा रहा है कि महामंडलेश्वर बनने के लिए उन्होंने 10 करोड़ रुपए दिए थे. हालांकि, इस बात का खुलासा अब ममता ने खुद कर दिया है. केवल इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने और भी कई बारे में बात की है. हाल ही में ममता ने अपने महामंडलेश्वर बनने की पूरी जर्नी के बारे में बात की है. इस दौरान उन्होंने कई सारे खुलासे भी किए हैं. ममता आप की अदालत में शामिल हुई थी, इस दौरान उनसे उन पर लगे आरोप के बारे में बात की गई. जिस दौरान सवाल किया गया कि क्या उन्होंने महामंडलेश्वर बनने के लिए 10 करोड़ रुपए दिए हैं, तो एक्ट्रेस ने जवाब में कहा कि 10 करोड़ क्या उनके पास तो एक करोड़ रुपए भी नहीं हैं.

ममता ने कहा कि सरकार ने उनके सभी बैंक अकाउंट सीज कर दिए हैं. इस दौरान एक्ट्रेस भावुक भी हो गई थीं. खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर बनने के बाद जो गुरु भेंट देनी थी वो उन्होंने उधार लिया है. एक्ट्रेस ने कहा कि गुरु भेंट देने के लिए मैंने 2 लाख रुपए उधार लिए हैं. एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि मुंबई में उनके 3 अपार्टमेंट है, लेकिन वो लंबे वक्त तक देश से बाहर रह रही थीं. उन्होंने बताया कि इतने वक्त तक उनके फ्लैट पर कोई भी नहीं गया और वो पूरी तरह से खराब हो गया है. उन्होंने कहा कि मैं बता नहीं सकती कि मैं कैसे रह रही हूं. ममता कुलकर्णी 25 सालों तक देश से बाहर रही हैं, इसने लंबे समय के बाद जब वो वापस आईं, तो उन्होंने संन्यास ले लिया. जिसके बाद से उनके महामंडलेश्वर बनने को लेकर विवाद होने लगा. कई संतों ने इस पर सवाल भी उठाया.



## प्रियंका की ऑल व्हाइट लुक में स्वैग वाली एंट्री

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया. जहां एक्ट्रेस बेहद कूल और स्टाइलिश लुक में दिखी. उनकी तस्वीरें इस वक्त सोल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. प्रियंका चोपड़ा की ये तस्वीरें मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट की है. जहां संडे के दिन एक्ट्रेस को स्पॉट किया गया. इस दौरान प्रियंका काफी कूल लुक में दिखी. उन्होंने ऑल व्हाइट लुक कैरी किया था. तस्वीरें में एक्ट्रेस पैपराजी को पोज देती नजर आ रही हैं. प्रियंका चोपड़ा ने एयरपोर्ट पर व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ व्हाइट शॉर्ट्स पहने थे. साथ ही में उन्होंने एक मैचिंग शर्ट भी कैरी की थी. प्रियंका चोपड़ा ने अपना लुक सिर पर टोपी, मैचिंग शूज और आंखों पर चश्मा लगाकर पूरा किया है. हाथ में एक्ट्रेस ने एक ब्राउन बैग भी लिया हुआ है. एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद प्रियंका ने पैपराजी को वेव किया और गाड़ी में बैठने से पहले एक से बढ़कर एक पोज दिए.



## मैं आमिर खान का बेटा हूं... स्टारकिड होने से मिलता है फायदा

आमिर खान के बेटे जुनैद खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'लवयापा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. इस फिल्म में उनके साथ खुशी कपूर भी नजर आने वाली हैं. खुशी और जुनैद की एक साथ में ये पहली फिल्म है. जुनैद ने साल 2024 में ओटीटी पर आई यशराज फिल्म्स की 'महाराजा' से डेब्यू किया था. जुनैद अपने पिता की तरह सोशल मीडिया से पूरी तरह से दूर हैं. हाल ही में एक बातचीत के दौरान जुनैद खान ने स्टारकिड होने को लेकर ऐसा खुलासा किया.

जुनैद खान ने एक बातचीत के दौरान इस बात को खुलकर माना कि उनको काम के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने की जरूरत नहीं है. एक्टर का कहना है कि परिवार की विरासत ने उनको फिल्में दिलाने में बहुत मदद की है. उनका कहना है कि परिवार के दम पर ही उन्हें फिल्में मिली हैं.

रेडियो नशा के साथ बातचीत में जुनैद खान ने माना कि आमिर खान का बेटा होना उनके लिए बहुत फायदेमंद है. एक्टर ने कहा, "मेरे लिए ये भी एक प्रिविलेज है. निर्माता बिना किसी पब्लिक प्रिजेंस के मुझे कास्ट कर लेते हैं. लेकिन बहुत से एक्टर्स को ये मौका नहीं मिलता है. ये पूरी तरह उस वजह से है जिस परिवार से मैं आता हूं. इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि आज तक किसी ने भी उनके बारे में कोई नेगेटिव कमेंट्स नहीं किए हैं, अगर किए भी होंगे उनको जानकारी नहीं है, क्योंकि वो सोशल मीडिया पर एक्टिव ही नहीं हैं."

इस बातचीत के दौरान जुनैद के साथ खुशी कपूर भी थीं. खुशी ने भी इस बात को स्वीकारा कि उनको भी इस बात का प्रिविलेज मिला है. एक्ट्रेस ने कहा, "मेरे पास बहुत कुछ है, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं. इसलिए मैं किसी भी चीज के लिए शिकायत नहीं करना चाहती हूं. मैं जहां भी हूं खुश हूं." खुशी और जुनैद खान की ये फिल्म 7 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हो रही है.




## डेब्यू से पहले सुनील शेट्टी ने साइन की थी 40 फिल्में

सुनील शेट्टी बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में से एक हैं. इन दिनों वो आने वाली फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर काफी सुर्खियों में हैं. इस फिल्म के पिछले दोनों पार्ट्स को लोगों ने खूब पसंद किया था. ऐसे में फैन्स तीसरे पार्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. हाल ही में डायरेक्टर प्रियदर्शन ने इस बात का हिंट दे दिया है कि 'हेरा फेरी 3' पर जल्द काम शुरू किया जाएगा. इस फिल्म के दोनों पार्ट्स में सुनील शेट्टी श्याम के रोल में दिखे थे.

लेकिन क्या आप जानते हैं कि 90 के दशक में फिल्म बलवान से करियर की शुरुआत करने वाले सुनील ने डेब्यू से पहले ही 40 फिल्में एक साथ साइन कर ली थीं.सुनील शेट्टी एक बार भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने बताया कि उनको फिल्मों में रोल कैसे मिला. सुनील ने बताया था कि उनको मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग के दौरान कई फिल्मों में रोल ऑफर हुए थे. सुनील ने कहा था, एक के बाद एक फिल्में बंद होती जा रही थीं. लेकिन जेपी दत्ता ने मेरी फोटो रिलीज की थी और बड़े-बड़े पोस्टर्स बनवाए थे. उन पोस्टर्स को कई डायरेक्टर्स ने देखा था.

सुनील ने आगे कहा,प्रह्लाद कक्कड़ जी ने मुझे साइन किया और उनके साथ मेरी पहली फिल्म थी आरजू. इस फिल्म की 99% शूटिंग हो चुकी थी, लेकिन लास्ट में कुछ दिक्कत हुई तो फिल्म बंद हो गई. फिर उन्होंने एक और फिल्म एक और फौलाद की अनाउंसमेंट की. ये फिल्म हिट हुई तो वो कहने लगे कि मैं अब नए हीरो के साथ काम नहीं करूंगा. फिर वक्त हमारा है और बलवान एक साथ आईं. यहीं से मेरी जर्नी शुरू हुई. लेकिन मैंने बहुत निराशा देखी. क्योंकि मैं एथलीट था तो हारना जानता था और मेंटली डिप्रेस नहीं हुआ. हालांकि जब तक बलवान रिलीज होती, तब तक मैं 40 फिल्में साइन कर चुका था. उस जमाने में हम उतनी फिल्में करते थे."

# शाहिद की मूवी ने बजाई 'स्काईफोर्स' की बैंड






अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की मूवी 'स्काईफोर्स' एक तरफ जहां बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है तो वहीं स्काईफोर्स को टक्कर देने के लिए शाहिद कपूर की 'देवा' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो चुकी है. एक्शन और थ्रिलर से भरपूर शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मूवी 'देवा' को रिलीज हुए दो दिन पूरे हो चुके हैं और इस मूवी को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है. बॉलीवुडलाइफ की इस रिपोर्ट में जानें इन दोनों ही फिल्मों ने कितना कलेक्शन किया है. शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म 'देवा' ने ओपनिंग डे पर जबरदस्त प्रदर्शन किया था. फिल्म ने पहले दिन जहां 5.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी तो वहीं दूसरे दिन यानी शनिवार को मूवी की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली है. सैकनिल्क डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार शाहिद कपूर की 'देवा' ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 6.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काई फोर्स' को रिलीज हुए 8 दिन पूरे हो गए हैं और इस मूवी ने 9 दिनों में 90 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है. संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी इस मूवी का बजट 160 करोड़ रुपये है. इस मूवी में सारा अली खान और निमरत कौर भी लीड रोल में नजर आ रही हैं. सैकनिल्क डॉट कॉम की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार स्काईफोर्स ने रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार पर 5 करोड़ रुपये की कमाई की है और इस हिसाब से मूवी ने अब तक 95 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है.

## अशनीर ग्रोवर ने सलमान पर कसा तंज



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' बीती जनवरी में खत्म हुआ है. शो में उद्यमी और भारतपे के पूर्व को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर बतौर गेस्ट पहुंचे थे. इस दौरान उनकी और सलमान खान की तीखी बातचीत हुई थी. दोनों उस दौरान काफी चर्चा में आ गए थे. अब अशनीर ग्रोवर का नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वो कुछ बाते कर रहे हैं और इसको लेकर अंदाज लगाया जा रहा है कि वो सलमान खान पर तंज कस रहे हैं. हालांकि, उन्होंने एक्टर का नाम नहीं लिया है.

अशनीर ग्रोवर ने हाल ही में अपना रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लॉन्च किया है. वह हाल ही में एनआईटी कुरुक्षेत्र में स्टूडेंट को संबोधित कर रहे हैं. इस दौरान उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. अशनील ग्रोवर ने कहा, फालतू का पंगा लेकर उसने अपना कॉम्पिटिशन खड़ा किया. मैं तो शांति से गया था जब मुझे बुलाया. अब ड्रामा क्रिएट करने के लिए आप किसी को बोल दो, अरे मैं तो आपसे मिला ही नहीं. मैं आपका नाम भी नहीं जानता. नाम नहीं जाना तो बुलाया क्यों था? और एक बात मैं बता देता हूं कि तुम अगर मेरी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर थे.

## राशा ने सुनाए बचपन के अनसुने किस्से



जनवरी 2025 में बॉलीवुड में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने कदम रखे हैं. राशा की पहली फिल्म आजाद रिलीज हो चुकी है और उन्हें अपने काम के लिए काफी पसंद भी किया गया है. राशा की खूबसूरती की भी बहुत तारीफ की जाती है. लोगों को उनका डांसिंग स्टाइल भी पसंद आया है. हाल ही में एक बातचीत के दौरान राशा ने खुलासा किया है कि वो बचपन में बहुत शरारती हुआ करती थीं, इसकी वजह से उनको थप्पड़ भी पड़े हैं.

इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राशा थदानी ने अपनी मां रवीना टंडन के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की. इस दौरान उन्होंने मां को अपना बेस्ट फ्रेंड बताया. इसके साथ ही उन्होंने रवीना को एक कूल मॉम भी कहा है.

राशा ने कहा, "मैं जब भी किसी गलत रास्ते पर जाती हूं या कुछ गलत करती हूं तो मां मुझे ठीक करती हैं. उन्होंने हमेशा हर मामले में मेरा साथ दिया है. राशा ने बताया कि बचपन में उनकी मां बहुत सख्त थीं, लेकिन जब वो 14 साल की हुईं तो मां कूल मॉम बन गईं और बहुत रिलैक्स हो गईं." राशा ने अपने बचपन से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी शेयर किया है. एक्ट्रेस ने कहा, "मैंने 14 साल की उम्र तक सब कुछ सीख लिया था, क्योंकि अगर नहीं सीखा होता तो मां से बहुत डांट पड़ती. कई बार बचपन में मुझे थप्पड़ भी पड़े हैं. जब मैं नाखून चबाती थी, तो मम्मी मुझे टोकते हुए हाथ पर थप्पड़ मारती थीं. वो बोलती थीं कि रुक जाओ मत करो ऐसे. ऐसी कई आदतें थीं, जिनके लिए मुझे रोका जाता था और हर मां ऐसा करती है."राशा ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा, "बचपन में मैं बहुत शरारती हुआ करती थी. मैं घर में इतनी मस्ती करती थी कि मम्मी-पापा बहुत हैरान रह जाते थे. अगर मम्मी मुझसे कहती थीं कि राशा ये काम नहीं करना है तो मैं ठीक है मम्मा कह देती थी, लेकिन थोड़ी देर के बाद फिर से वही काम करने लगती थी." राशा ने कहा कि वो अपनी मां से लड़कों के बारे में भी खुलकर बातें करती हैं और ये उनके रिश्ते का सबसे अच्छा पहलू है.

## 'वूल्वरिन' की एक्ट्रेस निभाएंगी लीड रोल

हॉलीवुड एक्ट्रेस स्वेतलाना खोदचेंकोवा की नई फिल्म जेम्स की शूटिंग पूरी हो चुकी है। ये एक रशियन मूवी है जिसे ताजमहल में शूट किया गया है। यहां जानिए इस मूवी से जुड़ी सारी डिटेल्स। स्वेतलाना खोदचेंकोवा ने हॉलीवुड और फ्रेंच फिल्मों में काम किया है। अब वह फिल्म 'जेम्स' में एवगेनी के साथ नजर आएंगी। ये पहली संयुक्त रूसी-भारतीय फिल्म परियोजना पैन अटलांटिक स्टूडियो और भारतीय कंपनी कारटीना एंटरटेनमेंट द्वारा रूसी संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से बनाई गई है। ये रूस की पहली फिल्म है जिसे आधिकारिक को-प्रोडक्शन सर्टिफिकेट मिला है। हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग भारत में पूरी हुई।

सुपरस्टार स्वेतलाना खोदचेंकोवा और एवगेनी त्सिगानोव, जिन्होंने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। इनके लिए ताजमहल और उसके आसपास की जगहों में शूटिंग करना किसी सपने के सच होने जैसा था। फिल्म की निर्देशक टीना बारकालाया और रूसी निर्माता फिलिपोवा एकाटेरिना ने भारतीय निर्माता सर्फराज आलम सफू की शानदार और सुचारू प्रोडक्शन व्यवस्था की सराहना की।

निर्देशक टीना के लिए आगरा की तंग गलियां, पुराना इलाका और सभी लोकेशन किसी कैनवास पर बनी खूबसूरत पेंटिंग की तरह थे। उनकी पिछली फिल्म हॉफमन's फैरयटाले IFFI में चयनित हुई थी और प्रतिस्पर्धा श्रेणी में थी। निर्माताओं ने वादा किया है कि इस फिल्म में भारतीय नृत्य, संगीत और नाटक को रूसी रंग-रूप के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।



# भारत ने तोड़ा द.अफ्रीका का ख्वाब

## छीन लिया अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब




**कुआलालंपुर**

लगभग दो सप्ताह के रोमांचक मुकाबलों के बाद अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2025 का चैंपियन मिल गया है. इस बार टूर्नामेंट का फाइनल मैच भारत और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच खेला गया. दोनों टीमों का आमना-सामना मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बेयूमास ओवल स्टेडियम में हुआ. इस मुकाबले में भारतीय टीम ने काफी आसानी से जीत अपने नाम की और खिताब पर कब्जा जमा लिया. बता दें, भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है. इससे पहले साल 2023 में भी टीम इंडिया की चैंपियन बनी थी.

निकी प्रसाद की कप्तानी में टीम इंडिया का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में काफी यादगार रहा. भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया और खिताब अपने नाम किया. दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. लेकिन वह ज्यादा कुछ खास नहीं कर सकी. पूरी टीम 20 ओवर में 82 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई. इस दौरान साउथ अफ्रीका की ओर से मिके वैन वूर्स्ट ने सबसे ज्यादा 23 रन बनाए. उनके अलावा जेम्मा बोथा ने 16 रन और फे काउलिंग ने 15 रन की पारी खेली.

दूसरी ओर भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट गोंगडी त्रिशा ने हासिल किए. गोंगडी त्रिशा ने 4 ओवर में सिर्फ 15 रन खर्च किए और 3 विकेट चटकाए. उनके अलावा वैष्णवी शर्मा, आयुषी शुक्ला और परुणिका सिसोदिया ने भी 2-2 विकेट अपने नाम किए. शबनम शकील भी 1 बल्लेबाज को अपना शिकार बनाने में कायमाब रहीं.

टीम इंडिया को फाइनल मैच जीतने के लिए 83 रनों का टारगेट मिला. भारतीय टीम ने इस टारगेट का काफी आसानी से चेज कर दिया. इस दौरान ओपनर गोंगडी त्रिशा और कमलिनी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 4.3 ओवर में ही 36 रन जोड़ दिए. जिसके चलते भारतीय टीम ने 1 विकेट गंवाकर ही टारगेट हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम किया.

अंडर19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2025 में टीम इंडिया ने एकतरफा खेल दिया. उन्होंने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर शुरुआत की थी. इसके बाद भारतीय टीम ने मलेशिया को 10 विकेट से हराया और फिर श्रीलंका को 60 रन से धूल चटाई. वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ 8 विकेट और स्कॉटलैंड के खिलाफ 150 रनों से जीत अपने नाम की. फिर इंग्लैंड को सेमीफाइनल में 9 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई. अब फाइनल में भी आसानी से जीत दर्ज की.

# 'नमन अवाड्र्स' समारोह में मास्टर ब्लास्टर सम्मानित



**मुंबई.** मुंबई में आयोजित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 'नमन अवाड्र्स' समारोह में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। बीसीसीआई के हेडक्वार्टर में हुए समारोह में रविचंद्रन अश्विन को स्पेशल अवार्ड दिया गया। सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों की कैटेगरी में जहां जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में बेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया, वहीं सरफराज खान को बेस्ट मेंस डेब्यू और आशा शोभना को बेस्ट वूमेंस डेब्यू का अवार्ड दिया गया।

महिला क्रिकेट में स्मृति मंधाना को बेस्ट बैटर और दीप्ति शर्मा को बेस्ट बॉलर से सम्मानित किया गया। वहीं घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह को बेस्ट व्हाइट बॉल ऑलराउंडर और तनुष कोटियान को बेस्ट रेड बॉल ऑलराउंडर का अवार्ड दिया गया।

2011 वनडे विश्व कप में भारत के टॉप स्कोरर रहे महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को कर्नल सीके नायुडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। इस सम्मान के लिए सचिन तेंदुलकर ने बीसीसीआई को धन्यवाद दिया और कहा, बोर्ड ने हमेशा खिलाड़ियों का सपोर्ट किया। मैं 1989 में 16 साल का था, लेकिन आज जब रविचंद्रन अश्विन ने सचिन सर कहा तो मुझे अपनी उम्र का एहसास हुआ।

वहीं अवार्ड मिलने के बाद रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था

कि मैं महान सचिन तेंदुलकर के साथ खेलूंगा। चेन्नई के मध्यम वर्गीय लड़के के लिए सचिन सर के साथ खेलना बड़ी बात थी। मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भले ही संन्यास ले लिया है, लेकिन मेरा मन क्रिकेट से कभी दूर नहीं रह सकता है।

# रिद्धिमान साहा ने लिया संन्यास

**कोलकाता.**



भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने पंजाब के खिलाफ बंगाल के लिए अपना अंतिम रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद यहां प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 40 साल के साहा ने अपने शानदार करियर के दौरान भारत के लिए 2010 में पदार्पण करने के बाद 40 टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बंगाल और त्रिपुरा के लिए कुल मिलाकर 142 प्रथम श्रेणी और 116 लिस्ट ए मैच खेले हैं। साहा ने एक्स पर लिखा, ''जब मैंने 1997 में पहली बार क्रिकेट के मैदान पर कदम रखा था तब से 28 साल हो गए हैं, और यह यात्रा शानदार रही है। अपने देश, राज्य, जिले, क्लब, विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्कूल का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।''साहा ने अपने जीवन पर क्रिकेट के प्रभाव पर कहा, ''आज मैं जो कुछ भी हूं, हर उपलब्धि, हर सीखा हुआ सबक, मैं इन सबका श्रेय इस अद्भुत खेल

# 38वें नेशनल गेम्स: योगासन में छत्तीसगढ़ ने स्वर्ण

**अल्मोड़ा.**

38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे योगासन खेल के दूसरे दिन योगासन खिलाड़ियों का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला. आर्टिस्टिक पेयर पुरुष वर्ग के फाइनल में छत्तीसगढ़ ने स्वर्ण, उत्तराखंड ने रजत व हरियाणा की टीम ने कांस्य पदक जीता. इस दौरान आर्टिस्टिक पेयर खिलाड़ी देवभूमि की संस्कृति से भी रूबरू हुए.अल्मोड़ा में चल रहे योगासन प्रतियोगिता के दौरान देश भर के 22 राज्यों के 171 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. शनिवार को आर्टिस्टिक पेयर पुरुष वर्ग की फाइनल प्रतियोगिता के बाद परिणाम घोषित कर विजेताओं को सम्मानित किया गया. आर्टिस्टिक पेयर पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर छत्तीसगढ़ के प्रभाकर सिंह और प्रकाश कुमार साहू ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया. वहीं उत्तराखंड के अजय वर्मा और हर्षित की जोड़ी ने रजत पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है. वही हरियाणा के कमल और अभिषेक की जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया. इस दौरान स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रभाकर सिंह व प्रकाश कुमार ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड के अल्मोड़ा में 38वें राष्ट्रीय खेल में स्वर्ण पदक जीता है. वहीं छत्तीसगढ़ के नाम को पहले स्थान पर लाने में उन्हे बहुत खुशी हो रही है. उन्होंने कहा कि वो लगातार दो घंटा सुबह व दो घंटा शाम अभ्यास करते हैं, जिसका परिणाम आज मिला है. उन्होंने सांस्कृतिक नगरी की प्रशंसा की. वहीं उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाले अजय वर्मा और हर्षित भाटी ने कहा कि वह पिछले एक साल से इसकी तैयारी में लगे थे. जिसके परिणाम स्वरूप रजत पदक मिला है.

उन्होंने बताया कि हमारे और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के मार्क्स बराबर हैं. जरा से हम चूक गए हैं. उनका कहना है कि यहां पर बहुत ठंडा था. जिस कारण फ्लोर भी बहुत ठंडा था, जिस पर परफॉर्म करना कठिन हो रहा था. क्लाइमेट चेंज की वजह से थोड़ी चूक हुई है. आगे हमारा प्रयास रहेगा कि हम उत्तराखंड के लिए स्वर्ण पदक लाएंगे. उन्होंने कहा कि फेडरेशन स्तर पर हमने कांस्य पदक लिया था, आज हमें रजत पदक प्राप्त हुआ है. अब आगे एशिया में भारत के लिए स्वर्ण पदक लेकर आएंगे. वहीं उन्होंने उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रदेश के खिलाड़ियों को दी गई सुविधा के लिए भी आभार व्यक्त किया.


# यूपी वारियर्स को लग सकता है बड़ा झटका

**नई दिल्ली.**

महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत 14 फरवरी से होने जा रही है, लेकिन इससे पहले यूपी वारियर्स टीम को तगड़ा झटका लगता दिखाई पड़ रहा है। दरअसल, यूपी वारियर्स की कप्तान ऐलिसा हीली ने डब्ल्यूपीएल 2025 में नहीं खेलने के संकेत दिए हैं। ऐसे में अगले सीजन यूपी वारियर्स की कप्तानी कौन करेगा, इस पर सभी की निगाहें होगी।दरअसल, विकेटकीपर बल्लेबाज को बार-बार पैर की चोट से जूझ रही है। पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी-20 विश्व कप और भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान उनकी परेशानी बढ़ गई थी। प्लास्टर फेशिया के चलते महिला बिग बैश लीग समेत कई आयोजनों से उन्हें बाहर होना पड़ा था। मैदान पर जब उनकी वापसी हुई, तब उनका भार कम हो गया था। इसकी वजह से उनकी जगह बेथ मूनी को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के मल्टी फार्मेट एशेज सीरीज में इंग्लैंड पर 16-0 से जीत के बाद एलिसा हीली ने कुछ समय के लिए मैदान से बाहर रहने की खबर साझा की है। उन्होंने कहा है कि पिछले 18 महीने वाकई में बहुत निराशाजनक रहे हैं। आप खुद को सही कर लेते हैं और वापस खेलने लगते हैं, लेकिन फिर कुछ गलत हो जाता है। दुर्भाग्य से मुझे कुछ महीने और रेस्ट करना होगा। मैं इससे बेहद निराश हूं।

# 38वें नेशनल गेम्स खत्म हुआ वुशु इवेंट



उत्तराखंड को पूरे नेशनल गेम्स में मात्र एक गोल्ड मेडल इसी वुशु में जीता है. इसी में 3 सिल्वर के साथ कुल 12 मेडल वुशु में उत्तराखंड को मिले हैं.

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में लागू होगा 2 टीयर सिस्टम?

**नई दिल्ली.** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की तीसरी साईकिल का फाइनल मैच 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा. इसके बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चौथे एडिशन की शुरुआत होगी. नए एडिशन की पहली सीरीज भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाएगी. लेकिन इस सीरीज से पहले आईसीसी की ओर से आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फॉर्मेट में बदलाव किया जाएगा. बता दें, नए एडिशन की शुरुआत में अब सिर्फ 5 महीने का ही समय बाकी है.



बता दें, 2019 से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत हुई है, लेकिन इसको ज्यादा समर्थन नहीं मिल रहा है. ऐसे में इस टूर्नामेंट को नए फॉर्मेट में लॉन्च किया जा सकता है. निष्पक्ष कॉम्पिटिशन बनाने के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन, जो आईसीसी की रणनीतिक विकास समिति के प्रमुख हैं, उन्होंने हाल ही में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह के साथ बातचीत की है. माना जा रहा है कि टेस्ट क्रिकेट में 2 टीयर सिस्टम का कॉन्सेप्ट लाया जा सकता है. इस नियम के तय सभी टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा, ताकी टॉप की टीमों के बीच ज्यादा से ज्यादा मैच खेले जा सकें और नीचे की टीमें आपस में भिड़ेंगी.रिचर्ड थॉम्पसन ने बताया,यह पूरी तरह से समझा जा चुका है कि मौजूदा स्ट्रेक्चर उस तरह से काम नहीं करती है जैसा उसे करना चाहिए और हमें एक निष्पक्ष, बेहतर प्रतिस्पर्धा को लाने की जरूरत है, लेकिन इस स्तर पर कोई सिफारिशें सामने नहीं आई हैं. हमारे पास इस पर काम करने के लिए 5 महीने हैं, पीछे जाए और देखें कि आगे क्या स्ट्रेक्चर होना चाहिए. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप निष्पक्ष और ज्यादा प्रतिस्पर्धी होनी चाहिए. हम टेस्ट क्रिकेट की अखंडता की रक्षा करेंगे, उसे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे क्योंकि यह फॉर्मेट गेम के डीएनए के लिए महत्वपूर्ण है.'

**4 दिन होगा टेस्ट मैच**

रिपोर्ट में कहा गया है कि चर्चा में चार दिवसीय टेस्ट की संभावना भी तलाशी जाएगी, क्योंकि इससे बोर्ड को फ्रेंचाइजी लीग के आसपास तीन टेस्ट मैचों की सीरीज निर्धारित करने में मदद मिल सकती है. लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच टॉप की टीमों के बीच नहीं खेले जाएंगे. बता दें, टेस्ट क्रिकेट में 2 टीयर सिस्टम का कॉन्सेप्ट 2016 में पेश किया गया था. लेकिन कई देशों के विरोध के कारण इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था. इस बार भी कई दिग्गजों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई है.

# आशी चौकसे ने तोड़ दिया राष्ट्रीय रिकॉड

**देहरादून.**

मध्य प्रदेश की आशी चौकसे ने 38वें नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला इवेंट में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। त्रिशूल शूटिंग रेंज, एमपीएससी में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने 598 का स्कोर हासिल किया, जिससे उन्होंने सिफत कौर समरा द्वारा 2023 आईएसएसएफ नेशनल चैम्पियनशिप (भारत) में बनाए गए 594 के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

कुशलता और निरंतरता के साथ घुटने टेककर, लेटकर और खड़े होकर शूटिंग के तीनों पोजीशनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए आशी ने भारतीय शूटिंग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। उनका यह रिकॉर्ड उनके देश की शीर्ष राइफल शूटरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत करता है।

आशी चौकसे का यह रिकॉर्ड न केवल उनकी प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है, बल्कि भारतीय शूटिंग में एक नया मानक भी स्थापित करता है। इस प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष निशानेबाजों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। उनकी यह उपलब्धि नेशनल गेम्स में रोमांच को और बढ़ाती है और भारत की शूटिंग

# भारत का दुबई दौरा



**नई दिल्ली.**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के शुरू होने में सिर्फ 17 दिन बचे हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि उनकी टीम प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, न कि केवल चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जीत हासिल करने पर। 2002 और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम 23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान से भिड़ेगी। मुंबई में बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह के अवसर पर गंभीर ने कहा, "हम चैंपियंस ट्रॉफी में यह सोचकर नहीं जाते कि 23 तारीख का मैच हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि पांच मैच, सभी मैच महत्वपूर्ण हैं। दुबई जाने का मिशन चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है, न कि केवल एक विशेष मैच जीतना।"उन्होंने कहा,"लेकिन हां, यदि यह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बीच का एक मैच है, तो हम इसे यथासंभव गंभीरता से लेने का प्रयास करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब दो देश, भारत और पाकिस्तान, एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो जाहिर है कि भावनाएं बहुत अधिक होती हैं, लेकिन अंत में यह एक मुकाबला ही रहता है।" भारत को 20 फरवरी और 2 मार्च को दुबई में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भिड़ना है। यह मैच आठ टीमों के टूर्नामेंट के नॉकआउट में प्रवेश करने के लिए जीतने बहुत महत्वपूर्ण हैं। गंभीर ने यह भी महसूस किया कि एकदिवसीय विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान गलती की बहुत कम गुंजाइश होती है।

गंभीर ने कहा,"50 ओवर के विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी एक पूरी तरह से अलग चुनौती है क्योंकि हर खेल सचमुच निर्णायक होता है, इसलिए आप इस टूर्नामेंट में कहीं भी नहीं रुक सकते। उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छी शुरुआत करेंगे, क्योंकि आखिरकार, अगर आप आगे बढ़ना चाहते हैं और प्रतियोगिता जीतना चाहते हैं, तो आपको पांच गेम जीतने होंगे।" गंभीर ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के हाल के खराब प्रदर्शन के बावजूद आगामी टूर्नामेंट में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर भरोसा जताया। रोहित और कोहली के साथ रविंद्र जडेजा 2013 में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के एकमात्र मौजूदा सदस्य हैं।

गंभीर ने कहा, "मुझे लगता है कि रोहित और विराट दोनों ही ड्रेसिंग रूम में बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे भारतीय क्रिकेट में भी बहुत अहम हैं। उन्हें (चैंपियंस ट्रॉफी में) एक बड़ी भूमिका निभानी है। और मैंने पहले भी कहा है, वे लोग बहुत भूखे हैं, वे देश के लिए खेलना चाहते हैं।"

# आलोक नाथ और श्रेयस तलपड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## > 9 करोड़ रुपयों की हेरा-फेरी का लगा आरोप




**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ के गोमती नगर पुलिस स्टेशन में बॉलीवुड अभिनेता आलोक नाथ, श्रेयस तलपड़े और एक क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के पांच सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में कहा गया है कि 7 आरोपियों ने कथित तौर पर 45 निवेशकों से 9.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि दोनों बॉलीवुड अभिनेताओं और 11 अन्य पर भी उसी बहु-स्तरीय मार्केटिंग घोटाले मामले में हरियाणा के सोनीपत में मामला दर्ज किया गया था। मामला एक सहकारी समिति से जुड़ा है, जो लाखों लोगों से करोड़ों रुपये वसूलने के बाद अचानक गायब हो गई। यह सोसायटी पिछले छह साल से लोगों से पैसे वसूल रही थी, लेकिन जब लोगों ने अपने पैसे वापस मांगे तो इसके संचालक फरार हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन दोनों अभिनेताओं ने इस सोसायटी की निवेश योजनाओं का प्रचार किया था, जबकि एक अन्य अभिनेता सोनू सूद भी इसके एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे।

एफआईआर के मुताबिक, 'ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी' नाम की इस संस्था ने 16 सितंबर 2016 को हरियाणा और लखनऊ समेत कई राज्यों में अपना कारोबार शुरू किया था। यह सोसाइटी मध्य प्रदेश के इंदौर में रजिस्टर्ड थी और मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी के तहत काम कर रही थी। सोसायटी ने निवेशकों को सावधि जमा (एफडी) और आवर्ती जमा (आरडी) योजनाओं में निवेश करने की पेशकश की और उन्हें आकर्षक ब्याज दरों का लालच दिया।

**250 से अधिक शाखाएं थीं :** इसके बाद सोसायटी ने मल्टी लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) का मॉडल अपनाया और बड़ी रकम का वादा करके लोगों से पैसे जुटाए। धीरे-धीरे सोसायटी ने खुद को एक विश्वसनीय वित्तीय संस्थान के रूप में स्थापित किया और निवेशकों को आश्वासन दिया कि उनका पैसा सुरक्षित रहेगा। सोसायटी से जुड़े एजेंट विपुल ने बताया कि उन्होंने 1000 से ज्यादा खाते खोले हैं, लेकिन इनमें से किसी भी खाते में अब तक पैसे नहीं आए हैं। इस सोसायटी की राज्य भर में 250 से अधिक शाखाएं थीं और लगभग 50 लाख लोग इससे जुड़े थे। विपुल ने बताया कि एजेंटों के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस काम के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा सोसायटी ने होटलों में बड़े आयोजन किए, जिसमें निवेशकों और एजेंटों को भरोसा दिलाया गया कि उनका पैसा पूरी तरह सुरक्षित है।

# भाजपा और सपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई 'मिल्कीपुर' सीट

**मिल्कीपुर.**




मिल्कीपुर विधानसभा सीट भाजपा और समाजवादी पार्टी के लिए अहम बनी हुई है। अखिलेश के इस गढ़ में भाजपा सेंध लगा पाएगी या समाजवादी पार्टी इस सीट पर जीत दर्ज करेगी ये तो रिजल्ट के दिन ही तय होगा। इससे पहले इस सीट पर होने वाले उपचुनाव में चुनाव प्रचार समाप्त होने के एक दिन पहले यानी रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मिल्कीपुर पहुंचे, जहां की एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की।

**भाजपा और सपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई :** बता दें कि मिल्कीपुर का उपचुनाव अब सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई है। चुनाव प्रचार में बचे आखिरी दो दिनों में जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिल्कीपुर का किला भेदने का प्रयास कर रहे तो वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव कुंदरकी व कटेहरी हारने के बाद अपने गढ़ मिल्कीपुर को बचाने की हरसंभव प्रयास करेंगे।

**मिल्कीपुर सपा का गढ़ रही :** पिछले दो उपचुनावों के परिणाम को देखें तो साल 1998 में सत्ता में रहते हुए भी बीजेपी मिल्कीपुर उपचुनाव हार गई थी। इस सीट पर पिछले तीन बार से लगातार समाजवादी पार्टी की जीत होती रही है।

साल 2017 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा के गोरखनाथ बाबा ने जीत दर्ज की थी और फिर उसके बाद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी यह सीट हार गई थी।

# ट्रंप ने चीन सहित इन देशों पर लगाया भारी टैरिफ

## > भारत से पंगा लेने वाले देश को भी सिखाया सबक

**वॉशिंग्टन.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन सहित कई देशों से आयात पर भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने अवैध आव्रजन और फेंटेनाइल सहित ड्रग्स की तस्करी पर चिंताओं का हवाला देते हुए भारत से पंगा लेने वाले कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। कनाडा के साथ मैक्सिको से आयात पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। जवाब में कनाडा और मैक्सिको ने भी अमेरिकी सामान पर भारी टैरिफ लगाने की बात कही है।

चीन से आने वाले सामानों पर ट्रम्प ने 10 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा और चुनावी वादे को पूरा करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन



आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ को अमेरिकी नागरिकों को अवैध आव्रजन और मादक पदार्थों की तस्करी से उत्पन्न खतरों से बचाने के लिए लागू किया गया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा "आज, मैंने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर25% टैरिफ (कनाडाई ऊर्जा पर 10%), और चीन पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लागू किया है। यह अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के माध्यम से किया गया।

अवैध एलियंस और घातक ड्रग्स हमारे नागरिकों को मार रहे थे, जिनमें फेंटेनाइल भी शामिल है। हमें अमेरिकियों की रक्षा करने की आवश्यकता है, और राष्ट्रपति के रूप में सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करना मेरा कर्तव्य है। मैंने अपने अभियान में अवैध एलियंस और ड्रग्स की बाढ़ को हमारी सीमाओं में आने से रोकने का वादा किया था, और अमेरिकियों ने इसके पक्ष में भारी मतदान किया।"

**चीन पर 60 फीसदी टैरिफ की दी थी धमकी :** ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि वह एक फरवरी को कनाडा और मैक्सिको से आयात को प्रभावित करने की अपनी धमकी का पालन करेंगे। चुनाव प्रचार के दौरान, ट्रम्प ने चीन में निर्मित उत्पादों पर 60 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, लेकिन व्हाइट हाउस में वापस आने के पहले दिन उन्होंने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय उन्होंने अपने प्रशासन को इस मुद्दे का अध्ययन करने का आदेश दिया।

**कनाडा ने कही पलटवार की बात :** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि अमेरिकी टैरिफ के प्रति उनकी प्रतिक्रिया "बलपूर्वक लेकिन उचित" होगी। द ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को कनाडा -अमेरिका संबंधों पर अपनी सलाहकार परिषद के साथ बैठक से पहले ट्रूडो ने संवाददाताओं से कहा , "यदि राष्ट्रपति कनाडा के खिलाफ कोई टैरिफ लागू करने का विकल्प चुनते हैं, तो हम प्रतिक्रिया के लिए तैयार हैं।

# पाकिस्तान में हुआ आतंकी हमला



## > 4 जवानों समेत 5 लोगों की हुई मौत


**पेशावर.**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों ने अर्धसैनिक बल के वाहन को निशाना बनाकर पर हमला किया है। इस आतंकी हमले में चार जवानों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। यह घटना दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले में हुई है।

**घात लगाकर किया गया हमला :** पुलिस के अनुसार 'करिजत लेवी' नाम के अर्धसैनिक बल के जवान एक निजी चालक के साथ जिले की दरबान तहसील में चोरी हुए ट्रक को बरामद करने जा रहे थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया। हमले में बल के चार जवान और एक नागरिक की मौत हो गई।

# रशियन गर्ल का दिल चुरा ले गए अघोरी बाबा

## > प्यार की चिंगारी जलते ही दोनों ने रचाई शादी



**प्रयागराज.**

महाकुंभ 2025 में सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक मामले सामने आए। IIT बाबा से लेकर मोनालिसा की आंखों तक, इन सब पर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स के कैमरे का फोकस रहा। इसी बीच शादियों की भी खबरे सामने आईं। जहां ग्रीक लड़की और दिल्ली के लड़के की शादी चर्चा में रही तो अब वहीं, ऐसा ही शादी का एक और मामला सामने आया है। जहां महाकुंभ में घूमने आई एक रशियन महिला को अघोरी बाबा से प्यार हो गया और उन दोनों ने शादी रचा ली। दोनों की लव स्टोरी इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

**अघोरी बाबा से हुआ प्यार और कर ली शादी :** वीडियो में रशियन गर्ल ने बताया कि वह अघोरी बाबा के प्यार में इस कदर पागल हो गई कि वह रूस से आकर भारत में ही बस गई और सनातन धर्म अपना ली। अघोरी बाबा से शादी की भी बात उस रशियन महिला ने कबूल की है। वीडियो में बताया जा रहा है कि रूस की रहने वाली एक लड़की जब महाकुंभ के मेले में प्रयागराज पहुंची, तब उसकी नजर इस अघोरी बाबा पर पड़ी और दोनों के बीच इश्क के फूल खिलने लगे। प्यार जब परवान चढ़ा तो दोनों ने चटपट ब्याह भी कर लिया।

**भगवान गणेश की भक्त है ये रशियन गर्ल :** वीडियो में एक शख्स को लड़की का इंटरव्यू लेते हुए देखा जा सकता है। जिसमें वह उस रशियन गर्ल से पूछता है कि क्या आपको हिंदू धर्म अच्छा लगता है और आपको इस धर्म में क्या पसंद है। इस पर जवाब देते हुए वह लड़की बोलती है कि वह भगवान गणेश की भक्त है। वहीं, जब अघोरी बाबा से उस शख्स ने पूछा कि क्या वह उनकी तपस्या में भंग डालती हैं, तो बाबा शर्माते हुए मुस्कुराने लगे।

**रशियन गर्ल ने अपनाया सनातन धर्म :** वीडियो में आप देख सकते हैं कि इस रशियन गर्ल के पूरे शरीर पर टैटू गुदे हुए हैं और पीठ पर उसने भगवान गणेश की एक टैटू भी बनवाई है। साथ ही नीचे कुछ मंत्र भी उसने लिखवाए हैं।

बताया जा रहा है कि रूस की रहने वाली यह लड़की महाकुंभ मेले में प्रयागराज आई थी और वह सनातन धर्म से इस कदर प्रेरित हुई कि उसने भारत में ही रहने का मन बना लिया। अघोरी बाबा को वह लड़की अपना पति बताती है। फिलहाल सोशल मीडिया इस लड़की और अघोरी बाबा की यह लव स्टोरी खूब वायरल हो रही है।

# प्रयागराज में घायल श्रद्धालुओं से मिले सीएम योगी

**प्रयागराज.**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां उन्होंने स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल का दौरा किया, जहां मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर भगदड़ में घायल हुए श्रद्धालु भर्ती थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती सभी घायलों से मुलाकात की। उनका हाल-चाल जाना और इलाज की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों से घायलों की डिटेल रिपोर्ट ली और निर्देश दिए कि सभी श्रद्धालुओं को बेहतर इलाज मिले। सीएम योगी ने कहा, "प्रदेश सरकार को सभी श्रद्धालुओं की चिंता है। इलाज और अन्य व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।" उन्होंने एक महिला श्रद्धालु को घबराने से मना करते हुए आश्वासन दिया, सब ठीक हो जाएगा।

**श्रद्धालुओं का जाना हाल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अस्पताल में भर्ती हर एक घायल श्रद्धालु से मुलाकात की। एक महिला श्रद्धालु से बातचीत के दौरान उन्होंने पूछा कि उन्हें कहां-कहां चोट आई है और उनके परिवारजनों से मिलने के लिए किसी की व्यवस्था की गई है या नहीं।

इसी दौरान एक अन्य घायल महिला ने मुख्यमंत्री से अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करने की मांग की। इस पर सीएम योगी ने तुरंत आदेश दिया कि छुट्टी के बाद श्रद्धालु को उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

**अस्पताल प्रशासन ने क्या कहा? :** मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान अस्पताल प्रशासन ने जानकारी दी कि सभी घायल श्रद्धालुओं को उचित चिकित्सा सुविधा दी जा रही है और मरीजों के परिजनों के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। हालांकि, कुछ मरीजों को फ्रैक्चर जैसी चोटें आई हैं, जिनके स्वस्थ होने में 3 से 4 सप्ताह का समय लग सकता है।

**भगदड़ में घायल हो गए थे श्रद्धालु :** बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर संगम नोज पर हुए अमृत स्नान के दौरान भगदड़ मच गई, जिसमें कई श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को तत्काल एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री के निर्देश पर चीफ सेक्रेट्री और डीजीपी ने भी अस्पताल का दौरा किया था और घायलों को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया था।

# स्कूल में ही शिक्षकों को महिला ने चप्पल से पीटा

**राजस्थान.**



राजस्थान के झुंझुनूं जिले के गुढ़ागौड़जी थाना क्षेत्र के एक राजकीय विद्यालय में दो शिक्षकों द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। जैसे ही यह खबर ग्रामीणों और छात्राओं के परिजनों तक पहुंची, बड़ी संख्या में लोग स्कूल के बाहर इकट्ठा हो गए। गुस्साई महिला ने आरोपी शिक्षकों की चप्पलों से पिटाई कर दी, जबकि अन्य ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया।

दरअसल, बामलास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो शिक्षकों पर छात्राओं से अनुचित व्यवहार करने और अश्लील चैट करने के आरोप लगे हैं। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने दोनों शिक्षकों को हिरासत में ले लिया है, जबकि शिक्षा विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को एपीओ कर दिया है। स्कूल हेडमास्टर ने बताया कि जैसे ही छात्राओं ने शिक्षकों की हरकतों की शिकायत की, तुरंत सीबीईओ (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) को सूचना दी गई। सीबीईओ आत्माराम वर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों शिक्षकों को एपीओ कर दिया।

**शिक्षकों की पिटाई :** जब यह खबर गांव में फैली, तो स्थानीय लोग व परिजन आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में स्कूल के बाहर इकट्ठा हो गए। एक महिला गुस्से में स्कूल के अंदर घुसी और आरोपी शिक्षकों में से एक की चप्पलों से पिटाई कर दी। इसके बाद अन्य लोगों ने भी शिक्षकों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**आरोपी शिक्षकों को बचाया गया :** स्थिति बिगड़ते देख स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्यों ने दोनों शिक्षकों को एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया, ताकि गुस्साई भीड़ उन तक न पहुंच सके। लेकिन इससे पहले ही एक महिला ने कमरे में घुसकर एक शिक्षक की पिटाई कर दी थी। दोनों शिक्षकों को करीब तीन घंटे तक कमरे में बंद रखा गया, जबकि बाहर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन चलता रहा।

**पुलिस की गाड़ी का पीछा करने लगे ग्रामीण :** स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए गुढ़ागौड़जी थाना प्रभारी राममनोहर ठोलिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह गुस्साए लोगों को समझाकर शिक्षकों को पुलिस जीप में बैठाया और थाने ले जाने लगे, ग्रामीण इतने आक्रोशित थे कि वे पुलिस जीप के पीछे दौड़ने लगे और शिक्षकों को उनके हवाले करने की मांग करने लगे।

**स्कूल के गेट पर ताला, धरने पर बैठे ग्रामीण :** घटना के विरोध में ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। अगले दिन शनिवार को भी ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और वे स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा भी मौके पर पहुंचे और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात कर दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, "अगर स्कूलों में ही बच्चियां सुरक्षित नहीं रहेंगी, तो फिर समाज में उनकी सुरक्षा की क्या गारंटी है?"

# महाकुंभ से लौट रहे नेपाल के 5 तीर्थयात्रियों की मौत

## > स्टंट कर रही बाइक को बचाने के चलते हुआ हादसा

**मुजफ्फरपुर.**



मुजफ्फरपुर में मधुबनी फोर लेन पर शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ. बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हाई स्पीड स्कॉर्पियो कार सड़क पर पलट गई. जिसमें 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है. हादसे के शिकार लोग नेपाल के बताए जा रहे हैं. घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जुट गई. लोगों ने पुलिस को सूचना दी. ग्रामीण एसपी विद्या सागर, डीएसपी नगर 2, विनीता सिन्हा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टसम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया. घायलो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दुर्घटना में स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए हैं.

**इस वजह से हुआ हादसा :** जानकारी के मुताबिक सभी लोग नेपाल के मोहतरी के रहने वाले थे और प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान करने के बाद वापस घर लौट रहे थे. स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक जिस वक्त यह घटना हुई उस समय फोरलेन पर बाइक से कुछ लड़के स्टंट कर रहे थे. तभी काफी तेज गति से स्कॉर्पियो सामने आ गई. बाइक सवार लड़कों को बचाने में स्कॉर्पियो पहले डिवाइडर से टकराई और फिर पलट गई. यह देखकर बाइक लेकर युवक भाग गए. स्कॉर्पियो ने तीन से चार बार पलटी मारी जिसमें गाड़ी पर सवार पांच लोगों की मौत हो गयी. मरने वालों में तीन महिला और दो पुरुष हैं.

डीएसपी विनीता सिन्हा ने बताया कि फोर लेन पर स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई है. नौ लोग सवार थे जिसमें पांच की मौत हो गई है. वही चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए है. घटना के बाद शोर सुनकर आस पास के लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी. लोगों ने घायलों को निकालने और अस्पताल भेजने में मदद की. चार घायलों में एक बच्चा भी है जिन्हें एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टसम के लिए भेजा गया है. बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान गाड़ी के एयरबैग नहीं खुले जिससे ज्यादा नुकसान हुआ.

मृतक की पहचान अर्चना ठाकुर, इंदु देवी, मन्तर्नि देवी, बाल कृष्ण झा और चालक है. वहीं घायलों के नाम मनोहर ठाकुर, सृष्टि ठाकुर, कामनी झा, देवतारण देवी है.

# 1 करोड़ की नशीली दवाएं बरामद

## > 9.30 लाख गोलियां और 5240 बोतल खांसी का सिरप

**भोपाल.**



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में पुलिस थाने से महज 200 मीटर बने गोदाम से एक करोड़ की नशीली दवाएं पकड़ी गई हैं। खास बात यह है कि नशीली दवाओं को पकड़ने की कार्रवाई इंदौर पुलिस ने की है। इंदौर शहर की पुलिस ने भोपाल के एक थाने के पास स्थित गोदाम से अल्प्राजोलम की गोलियों और खांसी के सिरप की बड़ी खेप बरामद की है। नशीली दवाओं के साथ एक थोक कारोबारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

अपराध निरोधक शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश कुमार त्रिपाठी ने संवाददाताओं को बताया कि दवाओं की आड़ में नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश जैन (47), अमन रावत (25) और अमर सिंह (25) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जैन भोपाल में दवाओं का थोक कारोबारी है, जबकि रावत सूबे की राजधानी में दवाओं की मार्केटिंग का काम करता है।

**एक करोड़ के करीब है कीमत:** पुलिस अधिकारी राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, भोपाल के हनुमानगंज पुलिस थाने से करीब 200 मीटर के फासले पर स्थित दवा बाजार में जैन के गोदाम से अल्प्राजोलम (एक नियंत्रित मादक पदार्थ) की 9.30 लाख गोलियां और खांसी के एक सिरप की 5,240 बोतलें बरामद की गईं।

उन्होंने बताया, ''नशेड़ियों को ये दवाएं उनकी मूल कीमत से कई गुना ज्यादा दाम पर बेची जाती हैं। भोपाल के गोदाम से बरामद दवाओं का मूल्य नशे के काले बाजार में एक करोड़ रुपये के आस-पास आंका गया है।''

त्रिपाठी के अनुसार, पुलिस को आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि भोपाल से रीवा, सतना और प्रदेश के अन्य शहरों में दवाओं की आड़ में नशीले पदार्थों की अवैध आपूर्ति की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विस्तृत जांच की जा रही है।

# अमेरिका-रूस वार्ता से यूक्रेन को बाहर रखना होगा खतरनाक : जेलेंस्की

**कीव:**



रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है और यह कब थमेगी इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर इस युद्ध को लेकर बयान देते रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि संघर्ष को लेकर अमेरिका और रूस के बीच वार्ता से यूक्रेन को बाहर रखना 'बेहद खतरनाक' होगा। राष्ट्रपति जेलेंस्की संघर्ष विराम की योजना तैयार करने के लिए कीव और वाशिंगटन के बीच गहन वार्ता की मांग भी की है।

**ऐसे बातचीत के लिए मजबूर होगा रूस':** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने 'एसोसिएटेड प्रेस' के साथ बातचीत में कहा कि रूस संघर्ष विराम वार्ता में शामिल नहीं होना चाहता या किसी भी तरह की राहत देने पर चर्चा नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के खिलाफ ऊर्जा और बैंकिंग प्रणाली संबंधी प्रतिबंध लगाने की चेतावनी देते हैं तो पुतिन वार्ता के लिए मजबूर हो सकते हैं। उन्होंन कहा, ''मुझे लगता है कि ये सबसे महत्वपूर्ण कदम है।''

**ट्रंप के बयान पर जेलेंस्की ने दी प्रतिक्रिया :** वोलोदिमीर जेलेंस्की की टिप्पणी शुक्रवार को ट्रंप के उस बयान के बाद आई जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी और रूसी अधिकारी युद्ध को समाप्त करने को लेकर पहले से ही बात कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने रूस के साथ अहम चर्चा की है, लेकिन उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। जेलेंस्की ने कहा, ''उनके अपने संबंध हो सकते हैं, लेकिन हमारे बिना यूक्रेन के बारे में बात करना, यह सभी के लिए हानिकारक है।''